हरिभूमि
# रायपुर भूमि





■ रायपुर शहर में 225 तालाबों में करीब 140 तालाब ही सुरक्षित

# पट गए 30 तालाब, 55 से ज्यादा पर कब्जे, जो बचे उनमें कुछ को ही संवारा

लक्ष्मण लेखवानी ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी रायपुर में तालाब लगातार विलुप्त होते जा रहे हैं। शहर में इससे पहले 225 से ज्यादा तालाब हुआ करते थे, जिनमें से करीब 140 तालाब ही अस्तित्व में हैं। वहीं 30 से ज्यादा तालाब पट चुके हैं, जबकि 50 से अधिक तालाबों पर अतिक्रमण हो चुके हैं। इस तरह शहर में लगातार तालाबों की संख्या घटती जा रही है। इधर तालाबों की संख्या कम होने से शहर में पानी की समस्या भी दिनों दिन विकराल रूप लेती जा रही है। यही कारण है कि हर साल गर्मी के सीजन में शहर के कई वार्डों में पानी की किल्लत बनी रहती है, जिसके कारण उन वार्डों में नगर निगम को पानी टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति करना पड़ता है। शहर में डेवलपमेंट के नाम पर भी कई तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहे हैं, लेकिन इसे रोकने के लिए नगर निगम प्रशासन ने अब तक कोई ठोस पहल नहीं की है, जिसके कारण वर्तमान में भी कई तालाबों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है।

## कई तालाब नक्शे से भी गायब

शहर में ऐसे कई तालाब हैं, जहां अब कालोनी या बस्ती तक बस चुकी है। इसके कारण इन तालाबों का नामो निशान मिट चुका है। यहां तक कि नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के नक्शे से भी ये तालाब गायब हो चुके हैं। शहर में ऐसे करीब दर्जनभर से अधिक तालाब हैं, जो नक्शे से गायब हो गए हैं। ये तालाब अब ढूंढने से भी नहीं मिल पाएंगे। ▶▶|शेष पेज 13 पर

## तालाबों के साथ कृषि एवं हरियाली भी घट रही

शहर में तालाबों की संख्या घटने से कृषि एवं हरियाली में भारी कमी आई है। शहर में लगातार डेवलपमेंट के कार्य हो रहे हैं, जिसके कारण शहर में कृषि का रकबा भी तेजी से घटा है। किसानों ने खेती-किसानी छोड़कर जमीन को बिल्डरों को बेच दी है, जहां अब आवास कालोनियों या फ्लैट्स की बिल्डिंग तन चुकी है। तालाबों के घटने और लगातार डेवलपमेंट कार्य के कारण शहर की हरियाली पर भी बड़ा असर पड़ा है। सालों पुराने हजारों वृक्ष काट दिए गए हैं।



## 20 वर्षों में तालाबों का रकबा भी बदला

सूत्रों की मानें, तो छत्तीसगढ़ के राज्य गठन और रायपुर को राजधानी बनाने के बाद से शहर में तालाबों का घटना शुरू हुआ है। राजधानी बनने के बाद शहर का तेजी से डेवलपमेंट हुआ है, जिसके कारण कई तालाबों को पाटने का क्रम भी शुरू हो गया। जैसे-जैसे शहर का विकास होने लगा, वैसे-वैसे शहर से तालाब पटते गए हैं। इस तरह वर्ष 2001 से लेकर वर्ष 2021 अवधि के दौरान शहर में तालाबों की स्थिति में काफी बदलाव हुए हैं। एक तरफ जहां करीब 31 तालाब गायब हो गए, वहीं 50 से ज्यादा तालाबों के रकबे भी घट गए हैं। जिन तालाबों के रकबे घटे हैं, उनमें ज्यादातर तालाबों पर अतिक्रमण किया गया है।

**डेवलपमेंट का ज्यादा असर :** शहर में तालाबों के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा डेवलपमेंट रहा है। शहर में जिस तेज गति से डेवलपमेंट के कार्य हो रहे हैं, उसी गति से तालाबों के अस्तित्व भी खत्म होने लगे हैं। कई तालाबों के आसपास कंस्ट्रक्शन का काम होने के कारण उसका क्षेत्रफल भी कम हो रहा है। गाइड लाइन के अनुसार तालाब के आसपास कंस्ट्रक्शन कार्य किया नहीं जा सकता। इसके बाद भी शहर में ऐसे कई निजी प्रोजेक्ट हैं, जिसका कंस्ट्रक्शन का कार्य तालाब के नजदीक ही हुए हैं और हो रहे हैं।

## निगम से मिले आंकड़ों के अनुसार ये तालाब पट चुके वहां बस चुकी है बस्ती

| इलाका | तालाब |
|---|---|
| चिरहुलडीह | चौबे कॉलोनी |
| चिरहुलडीह | नूनहा तालाब |
| कोटा | ढाबा तालाब |
| पंडरी तराई | पैठू तालाब |
| मठपुरैना | सरजूबांधा |
| रायपुरा | कोटा डबरी |
| पंडरी तराई | ढोडगी तालाब |
| खम्हारडीह | मठैया तालाब |
| खम्हारडीह | खंतो तालाब |
| खम्हारडीह ट्रस्ट | तालाब टिकरापारा |
| नाऊन तालाब | रायपुर खास |
| गंज डबरी | जोरापारा |
| हांडी तालाब | रामसागर पारा |
| श्याम टाकीज डबरी | रायपुर खास |
| दंतेश्वरी डबरी | रायपुर खास |
| गजराज बांधा डबरी | रायपुर खास |
| बूढ़ा तालाब पैठू | रायपुर खास |
| रजबंधा तालाब | रायपुर खास |
| कुकरी तालाब | रायपुर खास |
| खनती तालाब | रायपुर खास |
| राम सगरी तालाब | रायपुर खास |
| डबरी तालाब | रजबंधा रायपुर |
| लेडी तालाब | रायपुर खास |
| हनुमान नगर तालाब | रायपुर खास |
| खनती तालाब | रायपुर खास |
| जोरा तालाब | रायपुर खास |
| छुईया तालाब | पुरानी बस्ती |
| बगीचातालाब | रायपुर खास |
| उच्छला तालाब | रायपुर खास |
| धोबनीन तालाब | रायपुर खास |
| पोतदार तालाब | रायपुर खास |

## खबर संक्षेप

### दो वर्ष से फरार, गांजा तस्करी का आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** गंज थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के दो वर्ष से फरार आरोपी को पुलिस ने बस्तर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में जगदलपुर भनपुरी निवासी आकाश तिवारी उर्फ राहुल को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आकाश ने पुलिस को बताया कि उसने पूर्व में अपने दोस्त शैलेन्द्र पटेल एवं मुन्नाराम कश्यप को गांजा की बिक्री की थी। आकाश को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है।

### चाकू लहराकर दहशत फैलाते बदमाश गिरफ्तार



**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराकर लोगों को डराने के आरोप में बदमाश को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस ने चाकू दिखाकर लोगों को डराने के आरोप में मो. इरफान को गिरफ्तार किया है। इरफान बॉम्बे मार्केट के पास बने सुलभ शौचालय में आने-जाने वाले लोगों को डरा रहा था।

### नशीली टेबलेट बेचते धरा गया विक्रेता



**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक हजार रुपए कीमत की 122 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त की है। नशीली टेबलेट बेचने के आरोप में पुलिस ने सैय्यद सलीम को पकड़ा है। सलीम को पुलिस ने समवेत शिखर कांप्लेक्स के पीछे नशीली टेबलेट बेचते गिरफ्तार किया है।

### शराब पीने पैसे नहीं दिए तो शीशी से सिर फोड़ा

**रायपुर।** गंज थाना में एक व्यक्ति ने दो लोगों के खिलाफ शराब पीने पैसे नहीं देने पर मारपीट करने तथा शीशी से सिर फोड़ने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुढ़ियारी सतनामीपारा निवासी गोपाल खुंटे ने पप्पू साहू तथा रोशन साहू के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। गोपाल ने पुलिस को बताया कि स्टेशन के पास पप्पू तथा उसका साथी उससे शराब पीने पैसों की मांग कर रहे थे। इनकार करने पर पप्पू तथा उसके साथी ने गोपाल के साथ मारपीट कर शीशी से उसका सिर फोड़ दिया।

साथियों के साथ मिलकर की वारदात, तीन गिरफ्तार, सभी दुर्ग के निवासी

# महिला को बंधक बनाकर 21 लाख लूटने वाला निकला परिचित, सीसीटीवी में हुआ था कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

महिला को बंधक बनाकर 21 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर लूटने के आरोप में पुलिस ने महिला के परिचित सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में बदमाशों ने 24 फरवरी की दोपहर लूट की थी। पुलिस ने बदमाशों को सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल कर गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल दो बदमाशों का आपराधिक रिकार्ड रहा है।

एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गोगांव निवासी टिकेश्वरी रजक के यहां लूट के आरोप में दुर्ग निवासी सुनील चौहान उर्फ अप्पूस, विक्रम सिंह चौहान उर्फ दिवस तथा तीरेन्द्र चौहान उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया है। विक्रम पूर्व में हत्या की नीयत से अपहरण करने के आरोप में जेल जा चुका है। तीरेंद्र मारपीट के आरोप में जेल जा चुका है। सुनील टिकेश्वरी को पूर्व से जानता था। उसे टिकेश्वरी के यहां सोने-चांदी के जेवर तथा डायमंड ज्वेलरी होने के बारे में पहले से जानकारी थी। सुनील ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर टिकेश्वरी के यहां लूट की प्लानिंग की थी।

## दो बदमाशों का रहा है आपराधिक रिकार्ड



### ऐसे फंसे सीसीटीवी में बदमाश



घटना के बाद पुलिस ने घटना स्थल से लेकर रेलवे स्टेशन तथा दुर्ग, भिलाई जाने वाले मार्ग में लगे एक हजार से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। पुलिस को गुढ़ियारी में एक जगह सीसीटीवी कैमरे में संदिग्ध दिख रहे दो लड़कों का फूटेज मिला। पहचान करने पर एक बदमाश की पहचान सुनील के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने सुनील को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर टिकेश्वरी के यहां लूट की घटना को अंजाम देना बताया।

### रंजिश का बदला लेने लूट

सुनील, टिकेश्वरी का दूर के रिश्तेदार है। एक वर्ष पूर्व किसी बात को लेकर सुनील का टिकेश्वरी के साथ विवाद हुआ था। सुनील आपराधिक प्रवृत्ति का था। इसलिए उसने रंजिश का बदला लेने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर टिकेश्वरी के यहां दो माह पूर्व लूट की योजना बनाई।



### आठ दिन रेकी करने के बाद लूट

लूट की घटना को अंजाम देने सीसीटीवी कैमरा से बचने तथा भागने के लिए रास्ता खोजने बदमाशों ने टिकेश्वरी के मकान की आठ दिन तक रैकी की। उसके बाद लूट करने पहुंचे। जिस सीसीटीवी कैमरे से बचने बदमाशों ने रेकी की थी, उसी कैमरे की मदद से मिले फूटेज के आधार पर पुलिस ने बदमाशों की पहचान कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

### ऐसे दिया घटना को अंजाम

टिकेश्वरी गोगांव में अपने दो बेटों के साथ रहती थी। महिला का पति नहीं है। महिला अपने दो बेटों के साथ बर्फ फैक्ट्री में काम करने जाती थी। इस बात की जानकारी बदमाशों को पहले से थी। महिला अपने दोनों बेटों के साथ दोपहर में बर्फ फैक्ट्री में रहती है। इस वजह से बदमाश घटना दिनांक को दोपहर में महिला के घर पहुंचे। सुनील तथा उसका एक अन्य साथी एक बाइक में सवार होकर रायपुर पहुंचे। रायपुर पहुंचने के बाद सुनील ने अपनी बाइक की नंबर प्लेट निकाल दी और अपने साथ आए साथी को दूसरे बदमाश की बाइक में शिफ्ट कराकर सुनील आमापारा स्थित बर्फ फैक्ट्री की तरफ चला गया।

दो बदमाश महिला के घर पहुंचे, तो घर अंदर से बंद था। इसके बाद बदमाश दरवाजे को धक्का मारकर मकान के अंदर दाखिल हुए। महिला को सोते देख मुंह में नकाब बांधे बदमाशों ने महिला के हाथ, मुंह और पैर को गमछे से बांध दिया। इसके बाद महिला के गले में चाकू टिकाकर आलमारी की चाबी मांगी। चाबी से आलमारी नहीं खुलने पर बदमाशों ने लोहे के औजार से आलमारी का ताला तोड़ कर लॉकर में रखे जेवर लेकर मौके से फरार हो गए।

# मेडिकल में एचओडी पर छात्रा ने लगाया उत्पीड़न का आरोप समर्थक छात्रों ने कहा- गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के पास दोनों पक्षों का पहुंचा आवेदन

शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के कम्यूनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डा. अशीष सिन्हा पर विभाग की पीजी छात्रा ने उत्पीड़न का आरोप लगाया है। शराब ऑफर करने, व्हाट्स एप की डीपी बदलने और बैड टच जैसी गंभीर शिकायत चिकित्सा शिक्षा आयुक्त से की गई। मामले में अ जी बो ग री ब स्थिति तब बन गई जब विभाग के अन्य पीजी विद्यार्थियों ने एचओडी पर लगे आरोप को निराधार बताया। उनकी ओर से भी सीएमई को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग की छात्रा ने मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत की और उसी आरोपों के खंडन वाला साथी विद्यार्थियों द्वारा जारी पत्र से चिकित्सा शिक्षा विभाग में अजीबोगरीब स्थिति बन गई है। छात्रा ने अपनी शिकायत में डॉ. सिन्हा पर गंभीर आरोप लगाया था। छात्रा की ▶▶|शेष पेज 13 पर

### एचओडी के समर्थन में इन्होंने भेजा पत्र

सामुदायिक चिकित्सा के विभागाध्यक्ष डा. आशीष सिन्हा पर छात्रा द्वारा लगाए गए गंभीर आरोप को उसी विभाग के अन्य छात्र-छात्राओं ने पूरी तरह निराधार बताया है। विभागाध्यक्ष के समर्थन में डा. शेख सरीफ, डा. शिखा सोनी, डा. सुधांशु पटेल, डा. बरखा ठाकुर, डा. योगेश सिंह, डा. मेलिशा शिल्पी, डा. संग्राम साहू, डा. दीक्षा कश्यप, डा. गीतिका मरकाम, डा. दुर्गा दास, डा. ताराचंद साहू, डा. सार्थक नंदा, ▶▶|शेष पेज 13 पर

### सिम्स के विभागाध्यक्ष पर मामला दर्ज

कुछ समय पूर्व बिलासपुर के शासकीय मेडिकल कालेज की छात्रा ने मेडिसिन विभागाध्यक्ष डा. डॉ पंकज टेम्बर्निकर पर उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। प्रकरण में कालेज प्रबंधन द्वारा विभागीय कार्रवाई के साथ चिकित्सा शिक्षक के खिलाफ पुलिस में भी एफआईआर करवाई गई थी। मामला दर्ज कर बिलासपुर पुलिस मामले से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है।

# जनता की सुविधा व सुझाव पर करूंगी काम- मीनल चौबे

■ स्वच्छता रैंकिंग, पेयजल व ट्रैफिक व्यवस्था में लाएंगे सुधार, शहर को करेंगे आवारा मवेशी-कुत्तों से मुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में पेयजल और ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे। शहर को आवारा मवेशी और आवारा कुत्तों से मुक्त करने की योजना पर काम किया जाएगा। स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेते हुए शहर को बेहतर रैंकिंग दिलाने की दिशा में भी कार्य किए जाएंगे, ताकि लोगों के फीडबैक भी पॉजिटिव मिले। नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने शुक्रवार को हरिभूमि से विशेष बातचीत में यह बातें कही।

## पहली प्राथमिकता पेयजल और स्वच्छता

महापौर मीनल चौबे ने कहा कि उनकी प्राथमिकता पेयजल और स्वच्छता रहेगी। गर्मी का सीजन शुरू हो गया है, इसलिए उनकी प्राथमिकता में शहरवासियों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है। इसके लिए सोमवार को वह कार्यभार संभालते ही सभी निर्वाचित पार्षदों और जोन कमिश्नरों की मौजूदगी में ▶▶|शेष पेज 13 पर

### ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारा जाएगा

ई-रिक्शा की तादात बढ़ने से शहर में ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ी हुई है। इस व्यवस्था को सुधारने के लिए भी नई कार्य योजना बनाई जाएगी। इस संबंध में जल्द ही पुलिस एवं यातायात विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। इस बैठक में निगम के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक समस्या का सबसे बड़ा कारण शहर की दुकानों के सामने लगे विज्ञापन होर्डिंग्स, सामग्री एवं अवैध ठेला-गुमटी है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में दुकानदारों से बातचीत कर इस समस्या का हल निकाला जाएगा, ताकि यातायात व्यवस्था सुगम हो सके।

### शहर को आवारा मवेशी-कुत्तों से करेंगी मुक्त

शहर में आवारा मवेशी और कुत्तों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। इसके कारण आम लोगों को परेशानी होनी लगी है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। इस बैठक में अधिकारियों से सुझाव लेकर कार्य योजना बनाएंगी, ताकि आवारा मवेशी और आवारा कुत्तों से शहर को मुक्त किया जाए।

### उजड़े उद्यानों को करेंगी व्यवस्थित

महापौर ने कहा कि पिछले 15 साल तक निगम में कांग्रेस की सत्ता रही। इन वर्षों में शहर में कोई डेवलपमेंट नहीं हो पाया, बल्कि शहर के उद्यानों की दुर्दशा हो गई। उन्होंने कहा कि इन उद्यानों को भी अब व्यवस्थित किया जाएगा। इसके लिए भी अधिकारियों के साथ बैठक कर उद्यानों के सौंदर्यीकरण एवं उन्हें व्यवस्थित करने के लिए कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि उद्यानों में चौकीदार नहीं होने से उद्यानों का रखरखाव और सुरक्षा नहीं हो पाती है। कार्ययोजना में प्रत्येक उद्यान में चौकीदार रहे, इसके लिए प्रयास करेंगी।

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को दी गई विदाई



**रायपुर।** पुलिस विभाग में लंबी सेवा देने के बाद दो वरिष्ठ पुलिसकर्मियों को शुक्रवार को विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वालों में उपनिरीक्षक आदोराम और प्रधान आरक्षक नेतराम सिन्हा शामिल हैं। इस अवसर पर एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डीआर पोर्ते सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने उनकी सेवा की सराहना की और उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# होली के बाद बनेगा 'ऑटो' सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ मंगलवार को ट्रैफिक पुलिस की मेयर, निगम आयुक्त के साथ बैठक

राजधानी में ऑटो संचालन की प्रक्रिया होली के बाद बदलने की योजना है। ट्रैफिक पुलिस ने शहर में बेरतरतीब तरीके से चल रहे ऑटो को व्यवस्थित तरीके से चलाने शहर को चार जोन में बांटा है। उसे होली के बाद अमल में लाया जाएगा। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस के अफसरों ने शुक्रवार को नगर निगम मेयर मीनल चौबे तथा निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा से संपर्क किया। निगम आयुक्त तथा महापौर ने नई व्यवस्था पर सहमति व्यक्त की है। निगम के जिम्मेदारों से सहमति मिलने के बाद ट्रैफिक पुलिस के अफसरों की आयुक्त तथा मेयर के साथ मंगलवार को एक बैठक आयोजित की गई है।

शहर में ट्रैफिक का दबाव कम करने तथा ऑटो का व्यवस्थित संचालन करने ट्रैफिक पुलिस ने शहर को चार जोन में बांटा है। इसमें रेलवे स्टेशन के साथ ही बस स्टैंड, शंकर नगर तथा टैगोर नगर जोन हैं।

## ऑटो चालकों को विश्वास में लेने उनके साथ ट्रैफिक पुलिस के अफसर बैठक करेंगे




### इन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा ऑटो का दबाव

ऑटो चलाने क्षेत्र निर्धारित नहीं होने की वजह से ज्यादातर ऑटो चालक शहर के व्यस्त मार्गों पर सवारी की तलाश करने ऑटो लेकर पहुंचते हैं। इसके कारण रेलवे स्टेशन के साथ ही बस स्टैंड के साथ ही भाठागांव चौक, पचपेड़ी नाका चौक तथा आंबेडकर अस्पताल के पास ऑटो की भीड़ रहती है। इससे इन मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है।

### ऑटो चालकों के साथ बैठक कर सुझाव

ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर के मुताबिक जोन स्तर पर ऑटो चलाने ऑटो यूनियन से बात की जाएगी। ऑटो यूनियन की बैठक बुलाई जाएगी। बैठक में ऑटो यूनियन की राय ली जाएगी। इसके साथ ही उनसे जरूरी सुझाव मांगे जाएंगे। ऑटो वालों को भी जोन स्तर पर ऑटो चलाने किसी तरह की परेशानी न हो, इस बात का ध्यान रखा जाएगा।

### शास्त्री चौक ऑटो फ्री जोन रहेगा

ट्रैफिक डीएसपी के अनुसार शहर में ऑटो चलाने जोन स्तर पर बंटवारा होने के बाद भी शास्त्री चौक ऑटो फ्री जोन रहेगा। शास्त्री चौक पर किसी भी प्रकार के ऑटो चलाने पर रोक रहेगी। ट्रैफिक डीएसपी के अनुसार जोन में किसी तरह से बदलाव किए जाने की स्थिति में अफसरों से चर्चा की जाएगी। उसके बाद ही बदलाव किया जाएगा।

# कैबिनेट कल, बजट होगा फाइनल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के 2025-26 के बजट को अंतिम रूप देने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 2 मार्च को दोपहर 3 बजे से मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय में आयोजित होगी। साय सरकार का यह दूसरा बजट होगा।

बजट को लेकर पिछले कैबिनेट में मंजूरी मिली थी। राज्य सरकार की ओर से कुछ विभागों के मांगों की समीक्षा करने के बाद उसे फाइनल किया जाएगा। राज्य के चालू वित्तीय वर्ष का बजट 3 मार्च को विधानसभा में वित्तमंत्री ओपी चौधरी पेश करेंगे। सभी विभागीय सचिवों और मंत्रियों से विभाग के लिए नए प्रस्ताव लिए गए थे। वहीं कुछ विभागों में नई योजनाओं को लेकर निर्णय लिए जा चुके हैं। अब कैबिनेट के माध्यम से कुछ योजनाओं को शामिल करने और कुछ में परिवर्तन कर उसे बजट में जोड़ा जाएगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थी गाईड पर निर्भर न रहे : भानुप्रताप



आरंग। शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भानुप्रताप डहरिया का मानना है कि कुंजी गाईड से जहां तक हो सके मार्गदर्शन ले सकते हैं किन्तु उनके ऊपर निर्भर नहीं रहना चाहिए। स्कूल, कॉलेज में टीचर, प्रोफेसर द्वारा पढ़ाए व लिखाए गए नोट्स को परफेक्ट मार्गदर्शक समझ सकते है और रही बात नकल की तो इससे लालसा बुरी आदतों की ओर आकर्षित होती है। स्टूडेंट के आडम्बर और कहा की सुनी को छोड़ आत्मविश्वास के साथ पेपर देना चाहिए। कुंजी से ज्यादा कोर्स पर ध्यान देना जरूरी है। भानुप्रताप डहरिया कुंजी गाईड को केवल मार्गदर्शक मानते हैं क्योंकि कुंजी गाईड में नित नए प्रश्न उत्तर को समाहित किया जाता है। यदि कामयाब होना है तो अच्छे मित्र बनाये और सबसे अधिक सफल होना है तो अपने उद्धार के लिए स्वयं कार्य करें दूसरों पर निर्भर नही रहे। परिश्रम के साथ प्रयास करते रहे।

### धनेली सरपंच लोकेश को ग्रामीणों ने दी बधाइयां

सिलयारी। पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण में धरसीवा क्षेत्र के धनेली गांव से इस बार युवा चेहरे को नेतृत्व करने का मौका जनता ने दिया है। धनेली गांव में जनता ने इस बार युवा सरपंच लोकेश नारंग को विश्वास जताते हुए 153 मतों से जीत दर्ज की है। लोकेश नारंग महज 24 वर्ष के हैं। ग्राम वासियों एवं समस्त मित्रगणों बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### नव पदस्थ प्रशिक्षु आईएएस से व्यापारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात



आरंग। आरंग व्यापारी संघ के तत्वाधान में विभिन्न व्यापारिक प्रतिनिधि मंडल ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय आरंग मे नव पदस्थ प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी अनुपमा आनंद से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी पुष्पेंद शर्मा व तहसीलदार सीता शुक्ला भी उपस्थित थे। सौजन्य भेंट के दौरान परिचयात्मक बिंदुओं के साथ नगर की विभिन्न सामाजिक राजनैतिक धार्मिक विषयो पर चर्चा हुई तथा उन्हें आरंग नगर की धार्मिक महत्व बताते हुए बाबा बागेश्वर नाथ महादेव मंदिर व पंचमुखी महादेव दर्शन के लिए आमंत्रित भी किया। प्रतिनिधि मंडल मे व्यापारी संघ के अध्यक्ष सूरज शर्मा, सचिव दिलीप चंद्राकर, कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता, आनंद द्वारकानी, दीपक सोनी, पंकज शुक्ला, शरद गुप्ता, विठ्ठल साहू व अन्य व्यापारीगण उपस्थित थे।

अभ्यास : 5वीं व 8वीं की वार्षिक परीक्षा के सफल संचालन को लेकर बैठक हुई

# विद्यार्थियों को ब्लूप्रिंट से कराएं अभ्यास : बीईओ

हरिभूमि न्यूज : आरंग



शुक्रवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के निर्देशन में आगामी केंद्रीयकृत वार्षिक परीक्षा 2024–25 पांचवीं एवं आठवीं को लेकर समस्त संकुल समन्वयकगण की बैठक शासकीय अरुंधती देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के शैक्षिक हाल में किया गया। इस अवसर पर बीईओ दिनेश शर्मा ने उच्च कार्यालय से प्राप्त निर्देशों का विस्तार एवं बारीकी से विश्लेषण करते हुए इस परीक्षा के सफल क्रियान्वयन को लेकर परीक्षा को गंभीरता से लेने की बात कही।

उन्होने कहा कि 10वीं एवं 12वीं की तरह इस परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने आवश्यक सभी प्रपत्र, मूल्यांकन निर्देश, प्रश्न पत्रों की गोपनीयता, प्रयोजना कार्य आदि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुपस्थित विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा देने का भी अवसर मिलेगा, विद्यार्थियों की संख्या कम होने पर भी विद्यालय परीक्षा केंद्र होगा तथा प्रश्न पत्रों का वितरण संकुल केन्द्रों से होगा। उन्होंने लोक शिक्षण संचनालय द्वारा जारी ब्लूप्रिंट से विद्यार्थियों को अभ्यास कराने की बात कही तथा कहा कि बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर पांचवी एवं आठवीं केंद्रीयकृत वार्षिक परीक्षा की सतत मॉनिटरिंग राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर पर की जाएगी तथा उड़न दस्ता टीम गठन की चर्चा करते हुए जानकारी दी की पांचवी की परीक्षा 17 मार्च से प्रारंभ होकर 27 मार्च तक चलेगी जबकि आठवीं की परीक्षा 18 मार्च से प्रारंभ होकर 03 अप्रैल तक समाप्त होगी और परीक्षा का समय सुबह 09 बजे होगा एवं केंद्रीकृत परीक्षा के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह परीक्षा बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता में अभिवृद्धि करेगी। इस अवसर पर विकासखंड स्त्रेत समन्वयक मातली नंदन वर्मा, परीक्षा नोडल भास्कर प्रसाद यादव सहित संकुल समन्वयकगण हरीश दीवान, जितेंद्र शुक्ला, प्रहलाद शर्मा, सुरेंद्र चंद्रसेन, पोखन साहू, नूतन मंडले, प्रफुल्ल मांझी, दीपक दुबे सहित 48 संकुल समन्वयगणों की उपस्थिति रही।

### जज शिवेन्द्र ने बच्चों को न्यायिक प्रक्रिया के बार में जानकारी दी



आरंग। सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय आरंग में न्यायाधीश शिवेन्द्र सिंह टेकाम का आगमन हुआ। जिनके द्वारा बच्चों को न्यायिक प्रक्रिया के विषय में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि किस तरीके से हम अपना भविष्य लॉ के क्षेत्र में बेहतर बना सकते हैं। जज बनने के लिए क्या योग्यता होनी चाहिए। एक जज को जब जज की कुर्सी पर बैठते हैं तो क्या अनुभव होता है जैसी तमाम बातों से रूबरू कराए। इस दौरान बच्चों के मन में उठने वाले अनेक प्रश्नों का भी समाधान उनके द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने कैरियर के लिए क्या विषय चयन करना है, यह एक गंभीर विषय होता है, इसी समय हमारे भविष्य का निर्माण होते रहता है, जब हम अपनी इच्छा से विषय का चयन करते हैं तो उसके लिए मेहनत अधिक करते हैं और हमें अपना लक्ष्य भी जल्द ही प्राप्त होता है। किसी व्यक्ति को वास्तविक न्याय दिलाना एक बेहतर अनुभूति का कारक होता है। जज का अर्थ सिर्फ दण्ड देने वाला नहीं होता अपितु सही और गलत का वास्तविक फैसला करके जो सच्चे अधिकारी है उन्हें उनका अधिकार दिलाने वाला होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति के साथ विद्यालय के संरक्षक लखनलाल सोनकर, अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर, उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, सहसचिव सतीश सोनकर, प्राचार्य यशोदा योगी, उपप्राचार्य भारती वर्मा, प्रधान पाठक सोहागा देवांगन, चेतन सिंह चौहान, रविकुमार सोनकर, आशा सोनकर, सरिता सोनकर, लाकेश्वरी साहू सहित समस्त शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## सासाहोली ओवरब्रिज की मरम्मत धीमी गति से कांग्रेसियों ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

सासाहोली रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के बाद से ही काफी विवादों में रहा है। निर्माण के बाद महज कुछ ही सालों में ब्रिज की स्थिति काफी दयनीय हो गई, बीच बीच व अगल बगल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था, वाहनों सहित नागरिकों का चलना दूभर हो गया था। काफी जर्जर स्थिति उक्त ब्रिज की हो गई थी। हमने कई बार उक्त ओवरब्रिज की जर्जर स्थिति के बारे में प्रमुखता से खबरें लगाई, साथ ही मंत्री टंक राम वर्मा को भी अवगत करवाया गया। मंत्री ने निरीक्षण भी किया व संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी जारी किए जिसके बाद भी मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो पाया था।

फिर रेल्वे के जोनल सलाहकार समिति के सदस्य दीपक शर्मा ने मरम्मत की मांग को लेकर एक विशेष पहल की जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू हो पाया। और निर्माण एजेंसी द्वारा 1 माह का समय लेकर उक्त ओवरब्रिज को बंद कर निर्माण शुरू किया है। लेकिन लगभग 1 माह बीतने को है अभी तक आधा कार्य नहीं हुआ है जिसके चलते सभी को परेशानी हो रही है। आमजनों ने तत्काल जल्द से जल्द मरम्मत की मांग की है। वहीं आज तिल्दा नेवरा शहर के कांग्रेसी एक टीम बनाकर उक्त ब्रिज के निर्माण का जायजा लेने पहुंची और देखा कि मरम्मत कार्य कछुए की चाल से भी कम है। मरम्मत कार्य में काफी लेट लतीफी सहित कोताही बरती जा रही है। कांग्रेसियों ने निर्माण एजेंसी के उपस्थित कुछ कर्मचारियों को जल्द से जल्द निर्माण कराने की मांग की। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता व अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष देवा दास टंडन, विजय हरीरमानी, गोवर्धन यदु, कैलाश गांधी, अनूप रवानी, विनोद, मनोहर भोजवानी, आदि उपस्थित हुए।

## बलौदाबाजार आगजनी के तीन आरोपियों को मिली जमानत



**तिल्दा नेवरा।** बलौदा बाजार आगजनी मामले में अंबिकापुर जेल से छुटकर आए तिल्दा क्षेत्र के 3 युवकों का जोरदार स्वागत।

बलौदा बाजार आगजनी मामले में आरोपी बनाए गए लगभग सभी लोगों की जमानत हो रही है। इसी मामले में तिल्दा नेवरा क्षेत्र से भी 3 युवक अंबिकापुर जेल में बंद थे जिनका जमानत होने पर आज सुबह अंबिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन से तीनों युवक तिल्दा पहुंचे जहां प्लेटफॉर्म से ही जोरदार स्वागत कर रेलवे स्टेशन से बाहर आए जहां डीजे, ढोल नगाड़ों, फूल मालाओं व नारेबाजी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। भरी संख्या में सतनामी समाज के लोग तिल्दा रेलवे स्टेशन पर उपस्थित थे। जोरदार नारेबाजी के साथ युवकों का स्वागत किया गया। व रेल्वे स्टेशन से रैली निकाली गई।

बता दें तीनों युवक योगेश गेड्रे तिल्दा नेवरा, संदीप चेलक तुलसी एवं भगवती बारले ग्राम बरतोरी निवासी को भी बलौदा बाजार आगजनी मामले में आरोपी बनाकर अंबिकापुर के जेल में भेजा गया था। जमानत मिलने पर आज तीनों तिल्दा नेवरा पहुंचे और रेल्वे स्टेशन से ही उनका जोरदार स्वागत किया गया।

## जनपद सदस्य बरखा को मिला जीत का प्रमाण पत्र

**सिलयारी।** धरसीवां विकासखंड के तुलसी, सकरी जनपद क्षेत्र क्रमांक 22 से लगभग 620 वोट से निर्वाचन उपरांत श्रीमती बरखा लोकेश साहू ने आज जनपद पंचायत धरसीवां कार्यालय पहुंचकर जीत का प्रमाण पत्र लिया श्रीमती बरखा लोकेश साहू को धरसीवा पंचायत के रिटर्निंग ऑफिसर बाबूलाल कुर्रे के द्वारा जारी प्रमाण पत्र को धरसीवा जनपद पंचायत के सीईओ श्री पी. के. यादव ने जीत का प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर श्रीमती बरखा लोकेश साहू ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहां कि हमारे जनपद क्षेत्र तुलसी,सकरी के देवतुल्य मतदाता ने मुझे वोट देकर आशीर्वाद दिया है मैं उनके सुख-दुख में हमेशा साथ रहूंगी एवं क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को हल करने का प्रयास करूंगी। श्रीमती बरखा लोकेश साहू के पक्ष में चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों मे भारी उत्साह का माहौल है । जनपद सदस्य श्रीमती बरखा लोकेश साहू ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस अवसर पर गणमान्य नागरिकगण, जनपद पंचायत धरसींवा के सीईओ निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन टेस्ट 23 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर




■ औपचारिक शिक्षा का अवसर खो चुके लोगों के लिए शानदार अवसर

बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन टेस्ट 2025 के सफल आयोजन हेतु ग्राम प्रभारियों की विकासखंड स्तरीय बैठक अभनपुर में संपन्न हुआ। भारत सरकार शिक्षा एवं साक्षरता मंत्रालय द्वारा संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम जिसका उद्देश्य देशभर में 15 वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे लोग जो औपचारिक शिक्षा का अवसर खो चुके है एवं औपचारिक शिक्षा का उम्र पार कर चुके है और अब सीखने की आवश्यकता महसूस करते है इनको साक्षर कर भारत को शतप्रतिशत साक्षर बनाकर देश को विकसित भारत बनाना है ,नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत ऐसे शिक्षार्थियों में पाँच महत्त्वपूर्ण घटक को पूरा करने पूरा कार्यक्रम बनाया गया है जिसमें प्रथम घटक बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान दूसरा घटक है महत्त्वपूर्ण जीवान कौशल जैसे वित्तीय साक्षरता ,डिजिटल साक्षरता,क़ानूनी,पर्यावरण आदि ,तीसरा घटक व्यावसायिक कौशल ,चौथा घटक बुनियादी शिक्षा एवं पाँचवा घटक सतत शिक्षा प्रदान करना है। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आगामी 23 मार्च को होने वाले बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आंकलन टेस्ट में अधिक से अधिक शिक्षार्थियों को शामिल करने के लिए आवश्यक तैयारी हेतु ग्राम प्रभारियों ,प्रधानपाठकों की बैठक ली गई जिसमे स्वयंसेवी शिक्षकों को बोर्ड सी मिलने वाले बोनस अंक,परीक्षा की तैयारी ,उल्लास कार्यक्रम की अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने संबधी निर्देश दिए गए ।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-16 (सारागांव) तहसील व जिला-रायपुर**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 27/02/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पन्नालाल पिता रामलाल निवास मांढर द्वारा आवेदित ग्राम मांढर प.ह.नं. 22 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 स्थित खसरा नंबर 750/2 रकबा 0.081 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसीवां के आदेश दिनांक 18/06/2024 के परिपालन में दिनांक 04/03/2025 को समय 11.00 बजे के पश्चात किया जाना है । अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 22 के ग्राम मांढर स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर 16 (सारागांव)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर 16 (सारागांव) तहसील धरसींवा जिला -रायपुर**

**सीमांकन के सम्बन्ध में आम सूचना**

दिनांक 27.02.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक / आवेदिका निर्मला बाई मानिक पुरी पति जीवराखन दास मानिकपुरी ग्राम- मांढर द्वारा आवेदित ग्राम मांढर प.ह.नं. 22 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 16 स्थित खसरा नंबर 332/1 रकबा. 2.323 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के आदेश दिनांक 23.12.2024 के परिपालन में दिनांक 04.03.2025 के समय 01.00 बजे के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नं. 22 के मांढर स्थित कार्यालय में दस्तावेजो सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषण के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**अतः सूचना जाने।**

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर 16 (सारागांव)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3463 दिनांक 27.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एल.आई.जी. फ्लैट, प्रथम-तल-18/108 श्रीमती संगीता साहू पति श्री अश्वनी कुमार साहू के नाम स्व- वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 19.09.2014 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमती संगीता साहू पति श्री अश्वनी कुमार साहू निवासीः- प्रिन्स कॉलोनी, गोल्डन मार्बल गली लक्ष्मी नगर, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती पुष्पा डांडेकर पति श्री कमलेश डांडेकर निवासीः-18, वार्ड नं. 02, घासीदास चौक, भाठापारा, बेल्टुकरी, जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर- 29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एल.आई.जी. फ्लैट, प्रथम-तल-18/108 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था. निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर, अटल नगर**

## नेशनल कारते खिलाड़ियों ने नेवरा थाने में किया प्रदर्शन




**तिल्दा नेवरा।** शुक्रवार ग्राम खपरी कला स्कूल, मिडिल स्कूल से खेली नेशनल कराटे गर्ल्स की टीम द्वारा अपना प्रदर्शन नेवरा थाना में दिखाया गया। जिसमें लड़कियों की सुरक्षा, और अपनी आत्मरक्षा के बारे में कराटे टीम द्वारा बताया गया।और इसी दौरान नेवरा थाना के एसआई देशमुख, एएसआई शंकर वर्मा द्वारा नेशनल खेलने वाले कईयों को गोल्ड मेडल से नवाजा गया।

साथ ही पंडित दीनदयाल चौक में भी उक्त टीम के द्वारा जनता के सामने महिलाओं की आत्मरक्षा, और बालिकाओं को पढ़ाई, शिक्षा के माध्यम के साथ साथ आत्मरक्षा हमारे लिए कितनी जरूरी है इसको भी प्रदर्शन कर दिखाया गया। छोटी बालिकाओं की उक्त कराटे टीम द्वारा प्रदर्शन किया गया। कोच अनुराधा गिरी की उपस्थिति व मार्गदर्शन में उक्त कराटे का प्रदर्शन किया गया।

वहीं नेवरा थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने सभी बालिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके लिए स्वल्पाहार, ठंडा पेय पदार्थ की व्यवस्था भी की।

### फाइलेरिया व कृमि बीमारी के लक्षण एवं बचाव के बारे में दी जानकारी

**तिल्दा नेवरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवरा क्रमांक 1 में फाइलेरिया व कृमि मुक्ति उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप से राम पंजवानी, नरेंद्र शर्मा, ईश्वर यदु पार्षद, मनोज निषाद मंडल अध्यक्ष भाजपा, विनोद नेताम पार्षद, रानी सौरभ जैन पार्षद, अमरजीत पासवान, कुसुम निषाद प्रभा यादव तीजन नौरंगे विकासखंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉक्टर पैकरा, डॉक्टर ममता सुनानी संकुल प्राचार्य डॉक्टर राजेश चंदानी व वरिष्ठ व्याख्याता जितेंद्र जेहोआश के उपस्थिति में मनाया गया। डॉक्टर पैकरा मैम व सुनानी मैम के द्वारा फाइलेरिया व कृमि बीमारी के कौन-कौन से लक्षण हैं इनसे होने वाली बीमारी व उनसे बचाव के बारे में जानकारी दी। साथ ही यह कार्यक्रम पूरे छत्तीसगढ़ में एक सप्ताह तक चलेगा मितानिन दीदियों के द्वारा विशेष कैंप लगाकर फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी। अतः समस्त नागरिक विशेष कैंप में जाकर अवश्य फाइलेरिया की दवाई खाये और फाइलेरिया जैसे बीमारी से बचे। इसी प्रकार रानी सौरभ जैन के द्वारा अपील की गई की फाइलेरिया की टेबलेट लेने से हाथी पांव जैसे बड़े बीमारियों से बचा जा सकता है कार्यक्रम के अंत में नवनियुक्त पार्षदों को पौधा लगा गमला देकर सम्मानित किया गया ।






# डिजिटल अरेस्ट के मामले में 168 करोड़ की ठगी

## गृहमंत्री ने कहा- सवा पांच करोड़ कराए वापस

प्रश्नकाल में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने उठाया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा में साइबर क्राइम में डिजिटल अरेस्ट किए जाने का मामले में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने साइबर ठगी की रकम के साथ-साथ पीड़ितों को वापस की गई राशि पर गृह मंत्री से सवाल किया। मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि 168 करोड़ रुपए की ठगी राशि में से करीब पांच करोड़ 20 लाख रुपए की राशि वापस कराई गई है।

गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया, डिजिटल अरेस्ट के 12 प्रकरण सामने आए हैं। इन सभी प्रकरण में कार्रवाई की गई है। प्रश्नकाल में अजय चंद्राकर ने पूछा कि 1795 बैंक खाते चल रहे हैं। 921 खातों में ठगी की रकम वसूली गई थी, लेकिन इन खातों को अब तक बंद नहीं की गई है, इसकी क्या वजह है? गृहमंत्री ने बताया कि ठगी की रकम एक खाते से दूसरे खाते में शिफ्ट किया जाता है। प्रारंभिक खाते को बंद किया जाता है।





### 722 ठग चिन्हित, 300 पर कार्रवाई

अजय चंद्राकर ने कहा, 722 सायबर ठगों को चिन्हित किया है, इनमे से करीब तीन सौ के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बाकी बचे लोगों के खिलाफ कार्रवाई कब होगी? मंत्री विजय शर्मा ने कहा, बीते साल 20 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का डिजिटल ट्रांजेक्शन हुआ है। भारत का डिजिटल ट्रांजेक्शन जर्मनी भी अपना रहा है। सब्जी बेचने वालों को भी डिजिटल ट्रांजेक्शन से भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा, डिजिटल ट्रांजेक्शन के साथ-साथ साइबर क्राइम भी बढ़ा है। सायबर क्राइम दुनिया की चिंता है। केंद्र सरकार भी इसकी रोकथाम करने के प्रयास कर रही है। राज्य में जो मामले कार्रवाई के लिए बचे हुए हैं, उनके खिलाफ़ भी जल्द कार्रवाई होगी।

### पांच रेंज में थानों को किया गया अपग्रेड

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पूछा कि सायबर क्राइम को रोकने क्या विशेषज्ञता है? गृहमंत्री ने कहा कि सायबर अपराध सिर्फ राज्य का विषय नहीं है। राज्य में नई सरकार बनने के बाद एक सायबर भवन का निर्माण किया गया। आधुनिक डिवाइस लाए गए हैं। भाजपा विधायक ने पूछा कि उपकरण जुटा लिए गए हैं, ये अच्छी बात है, लेकिन उन उपकरणों को चलाने के एक्सपर्ट कितने हैं? सायबर थाना खोलने की घोषणा सदन में हुई थी क्या खुल गया? गृहमंत्री ने बताया कि पांच संभाग रेंज में थानों को सायबर थानों में अपग्रेड किया गया है। सभी थानों में सायबर सेल खोली जा रही है। पांच एक्सपर्ट इंगेज करने की प्रक्रिया बढ़ाई है। एक्सपर्ट बाहर से नहीं आ सकते। जो मैनपावर हैं उससे ही चिन्हांकित किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेनिंग दिलाई जा रही है। इंडियन सायबर क्राइम सेंटर से 129 लोगों को प्रशिक्षित किया गया है।

# सवाल का बवाल, जवाब 10 हजार से अधिक पेज में

## भाजपा सदस्य पुन्नूलाल मोहले ने पूछा था सवाल

विधानसभा के बजट सत्र में शुक्रवार को सीजीएमएससी का एक सवाल आया, जिस पर स्वास्थ्य विभाग का जो जवाब आया है, वह 10 हजार पेज से अधिक का है। भाजपा सदस्य पुन्नूलाल मोहले द्वारा लगाए गए इस सवाल में सीजीएमएससी द्वारा क्रय दवाई, उपकरण और अन्य प्रकार की सामाग्री के क्रय से संबंधित जानकारी मार्च 2022 से लेकर जनवरी 2025 तक की अवधि की मांगी गई थी। सवाल में उन्होंने किन-किन दवाइयों की कितनी मात्रा और उसे क्रय करने में लगी राशि का पूरा ब्योरा मांगा था। सवाल इतना विस्तृत था कि उसमें भंडार क्रय नियम का पालन, निविदा और क्रय करने के बाद कितने दिनों में स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचाया गया, उसका पूरा ब्योरा मांगा गया था। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा दिए गए जवाब में चार वर्षों की दवाई खरीदी, कितने प्रकार की दवाई और उनकी मात्रा सहित जिन फर्मों से वर्ष वार खरीदी की गई थी, उसका पूरा विस्तार से मय दस्तावेज जानकारी उपलब्ध कराई गई। उसी प्रकार फर्नीचर और उपकरण खरीदी के





निविदा से लेकर खरीदी और केंद्रों में पहुंचाने तक का विवरण भी दिया गया। यह बताया गया कि फर्म द्वारा क्रय आदेश के विरुद्ध सीजीएमएससी के दवा गोदामों में दवाइयों सामाग्री की आपूर्ति की जाती है। स्वास्थ्य केंद्रो को उनकी मासिक मांग के अनुसार यथाशीघ्र वितरित किया जाता है। क्रय किए गए उपकरण में से घरेलू आइटम के लिए 60 दिनों एवं इरपोर्टेड आइटम के लिए 75 दिन में पहुंचाने का नियम है। साइट रेडी होने की अवस्था में उपकरणों को यथाशीघ्र स्थापना करने के साथ क्रियाशील किया जाता है। दवाइयों और सामाग्री की कितनी कितनी मात्रा उपलब्ध कराई गई, इसकी जानकारी अलग से दी गई।

### शिकायतों पर भी मांगी जानकारी

सदस्य द्वारा शिकायतों के संबंध में मांगी गई जानकारी के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री ने अपने जवाब में बताया कि दवाइयों को क्रय बाजार दर से अधिक दर पर किए जाने की शिकायतें प्राप्त नहीं हुई है। कालातीत दवाओं की खरीदी को लेकर कोई शिकायत नहीं मिली है। उपकरण और सामाग्री को अधिक दर पर खरीदी करने की शिकायतें प्राप्त हुई है। इसकी अलग से जानकारी दी गई।

### विधानसभा अध्यक्ष ने सदस्यों को दी हिदायत

विधानसभा अध्यक्ष ने प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद व्यवस्था दी कि वर्तमान सत्र में कुछ प्रश्नों द्वारा अपेक्षित जानकारी इतनी विस्तृत थी कि उनके विभाग से प्राप्त उत्तर 10 हजार पन्नों से भी अधिक है। शासन को ऐसे प्रश्नों का उत्तर तैयार करने में अधिक समय और श्रम व्यव होता है। उन्होंने सदस्यों से विस्तृत और लंबे सवाल न करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा प्रश्नों की ग्राह्यता के संबंध में नियमों के अंतर्गत प्रश्नों की सूचना दें।

### दो अशासकीय संकल्प स्वीकृत

राज्य विधानसभा में शुक्रवार को दो विधायकों द्वारा पेश किए गए अशासकीय संकल्प स्वीकृत किए गए। भाजपा सदस्य धर्मजीत सिंह ने अशासकीय संकल्प पेश किया था कि यह सदन केंद्र सरकार से अनुरोध करता है, रीवां बिलासपुर एक्सप्रेस को दुर्ग तक विस्तारित किया जाए। भाजपा सदस्य रिकेश सेन ने यह अशासकीय संकल्प पेश किया था- यह सदन केंद्र सरकार से अनुरोध करता है कि दुर्ग- नौततनवा गाड़ी क्रमांक 18205 व वापसी गाड़ी क्रमांक 18206 का व्हाया अयोध्याधाम प्रतिदिन परिचालन कराया जाए।

प्रभारी महामंत्री से उनके व्यक्तिगत, पारिवारिक संपत्ति का ब्योरा क्यों मांगा : बैज

# 3 मार्च को ईडी दफ्तर का घेराव, कल जिलों में प्रदर्शन कर फूकेंगे पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ईडी द्वारा भेजे गये समन के आधार पर जानकारी देने गये कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू को जबरिया ईडी ऑफिस में घंटों बैठाया जाना बेहद ही आपत्तिजनक है। ईडी ने कांग्रेस से उसके जिला कार्यालय के निर्माण के संबंध में जानकारी मांगी थी। प्रभारी महामंत्री ईडी द्वारा चाही गयी जानकारी देने ईडी ऑफिस गये थे। जानकारी प्राप्त करने के तुरंत बाद ईडी को उनको वापस आने देना चाहिए था। ईडी को कुछ अतिरिक्त जानकारी चाहिये थी, तो उसको वह लिखित में मांग सकती थी, उस जानकारी को उपलब्ध कराया जायेगा।

ईडी की तानाशाही कार्यवाही के विरोध में सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ने का निर्णय कांग्रेस कार्यकारिणी ने लिया है। 1 मार्च को सभी जिलों में पुतला दहन किया जायेगा। 3 मार्च को ईडी आफिस के सामने बड़ा प्रदर्शन किया जायेगा। कांग्रेस अपने कार्यालयों के निर्माण के एक-एक रुपए का हिसाब देगी। ईडी ने भाजपा के इशारे पर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी को अनावश्यक घंटों बैठाये रखा था। ईडी भाजपा के अनुषांगिक संगठन की भांति काम कर रही है, जो सर्वथा अस्वीकार्य है। ईडी ने कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री से जो सवाल किया, उससे साफ हो रहा था कि ईडी की मंशा कांग्रेस पदाधिकारी को प्रताड़ित करना है। प्रभारी महामंत्री ईडी के सवालों का जवाब देने गये थे, फिर उनके व्यक्तिगत, पारिवारिक संपत्ति का ब्योरा क्यों मांगा गया। समन के चार बिन्दु थे, उसमें यह तो नहीं था। ईडी नगर निगम कब से हो गयी, वह बिल्डिंग का नक्शा कब पास हुआ, लेआऊट कहां है, छज्जा कितना निकला है, ऊंचाई कितनी है? यह सवाल पूछ रही है, नक्शा पास हुआ या नहीं लोकल पालिका पूछेगी। सिर्फ परेशान करने की नीयत है साफ दिख रहा है। क्या ईडी सभी कांग्रेस के पदाधिकारियों की संपत्ति की जांच के एजेंडे पर आई थी।

### जिला पंचायत सदस्यों पर रखी जा रही निगरानी



उन्होंने कहा, मुझे दिन से पता था कि दंतेवाड़ा से गाड़ी आई है और घर के बाहर जासूसी कर रही है, लेकिन व्यस्तता की वजह से मैंने इग्नोर कर दिया। जब रात को हम लोगों ने पुनः देखा कि गाड़ी आसपास घूम रही, तो हम लोगों ने पूछा कि दंतेवाड़ा की गाड़ी यहां क्या कर रही है? उनके पास कोई जवाब नहीं था और कहा कि हम ऐसे ही आये हैं। एडिशनल एसपी दंतेवाड़ा को उसके पास भी कोई जवाब नहीं था। फिर हमारे जिलाध्यक्ष का नाम लेते हुये कहा, उनकी देखरेख के लिए हम आए हैं। साफ है कि प्रदेश अध्यक्ष के घर में कौन स्थानीय निकाय चुनाव जीता हुआ जनप्रतिनिधि आ रहे हैं, जिला पंचायत के मेंबर, जनपद के सदस्य रहे हैं, उन पर निगरानी रखी जा रही है।

### सुकमा 65 और कोंटा कांग्रेस भवन की लागत 20 लाख रुपए

उन्होंने बताया कि कांग्रेस भवन हमारे कार्यकर्ताओं के सहयोग से एकत्रित किये धन से बनाया गया है, हमारे पास पूरा हिसाब है। हमारे सुकमा राजीव भवन की कुल लागत 65 लाख रुपए लगभग है। कोंटा के भवन की निर्माण की लागत 20 लाख लगभग है, जो अभी अपूर्ण है। इसका पूरा पेमेंट पीसीसी ने चेक से किया है। एक-एक खर्च का ऑडिट हुआ है।

### पुलिस मेरी जासूसी करवा रही : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, पिछले दिनों हम सबने देखा कि इस सरकार ने प्रशासनिक आतंक से किस प्रकार से स्थानीय निकाय के चुनाव को प्रभावित किया, उसके बाद भी इनका जी नहीं भरा। ईडी पीसीसी कार्यालय आती है और दंतेवाड़ा से सीजी 18 सीरिज की गाड़ी आती है, पिछली रात बारह बजे से लेकर कल दिनभर और फिर कल रात बारह बजे तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निवास में जासूसी करती है। वहां टीआई रैंक के अधिकारी, एक सब इंस्पेक्टर और सिपाही आते हैं, चौबीस घंटा जासूसी करते हैं, आखिर क्यों?

# पीसीसी के निशाने पर जुनेजा, अमरजीत और दो जिलाध्यक्ष, कार्रवाई की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक के दौरान संगठन के अनुशासन को लेकर गहन चर्चा हुई। पार्टी नेताओं द्वारा संगठन और प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ की गई बयानबाजी पर नाराजगी जताई गई। जिन लोगों ने पीसीसी अध्यक्ष के खिलाफ बयान दिया है, उन पर कार्रवाई के लिए अध्यक्ष को अधिकृत किया गया है।

इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। वहीं बिलासपुर जिले के दोनों जिलाध्यक्षों को भी शो-कॉज नोटिस, अमरजीत भगत के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग उठी है। ये फैसला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया है। बैठक में प्रर्वतन निदेशालय द्वारा पार्टी संगठन पर की जा रही द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई। पार्टी फोरम से बाहर संगठन के विरोध में सार्वजनिक बयानबाजी करने वाले पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के संबंध में चर्चा नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव परिणाम की समीक्षा संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। दीपक बैज ने बताया कि निकाय चुनावों में हार को लेकर पीसीसी अध्यक्ष और संगठन के खिलाफ बयान बाजी को लेकर जो बयान आए थे, उन मामलों में कार्यकारिणी की बैठक में विचार करने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया। साथ ही कार्यकारिणी ने ईडी की कार्यवाही मामले में सड़क की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया गया है। मामले में जिला और प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन किए जाने का निर्णय लिया गया है।

### ये थे मौजूद

प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, एआईसीसी सहसचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगिड़, की उपस्थिति में संपन्न हुयी। पूर्व मंत्री उमेश पटेल, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, उपाध्यक्ष गुरूमुख सिंह होरा, प्रतिमा चंद्राकर, अंबिका मरकाम, प्रेमचंद जायसी, बीरेश ठाकुर, जेपी श्रीवास्तव, महामंत्री प्रशांत मिश्रा, रवि घोष, दीपक मिश्रा, नरेश ठाकुर, सुबोध हरितवाल, डॉ.थानेश्वर पाटिला, राजेन्द्र साहू, आरती सिंह आदि उपस्थित थे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-16 (सारागांव) तहसील व जिला-रायपुर**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 27/02/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पन्नालाल पिता रामलाल निवास मांढर द्वारा आवेदित ग्राम मांढर प.ह.नं. 22 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 स्थित खसरा नंबर 750/2 रकबा 0.081 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसीवां के आदेश दिनांक 18/06/2024 के परिपालन में दिनांक 04/03/2025 को समय 11.00 बजे के पश्चात किया जाना है । अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 22 के ग्राम मांढर स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर 16 (सारागांव)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर 16 (सारागांव) तहसील धरसींवा जिला -रायपुर**

**सीमांकन के सम्बन्ध में आम सूचना**

दिनांक 27.02.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक / आवेदिका निर्मला बाई मानिक पुरी पति जीवराखन दास मानिकपुरी ग्राम- मांढर द्वारा आवेदित ग्राम मांढर प.ह.नं. 22 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 16 स्थित खसरा नंबर 332/1 रकबा. 2.323 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के आदेश दिनांक 23.12.2024 के परिपालन में दिनांक 04.03.2025 के समय 01.00 बजे के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नं. 22 के मांढर स्थित कार्यालय में दस्तावेजो सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषण के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**अतः सूचना जाने।**

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर 16 (सारागांव)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3463 दिनांक 27.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एल.आई.जी. फ्लैट, प्रथम-तल-18/108 श्रीमती संगीता साहू पति श्री अश्वनी कुमार साहू के नाम स्व- वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 19.09.2014 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर फ्लैट का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमती संगीता साहू पति श्री अश्वनी कुमार साहू निवासीः- प्रिन्स कॉलोनी, गोल्डन मार्बल गली लक्ष्मी नगर, रायपुर, तहसील व जिला- रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता श्रीमती पुष्पा डांडेकर पति श्री कमलेश डांडेकर निवासीः-18, वार्ड नं. 02, घासीदास चौक, भाठापारा, बेल्टुकरी, जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर सेक्टर- 29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एल.आई.जी. फ्लैट, प्रथम-तल-18/108 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था. निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर, अटल नगर**

# फाइलेरिया-क्रीमी मुक्ति दवा घर-घर बांटी जाएगी, महापौर ने ई-रिक्शा टीम को किया हरी झंडी दिखाकर रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम रायपुर की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने शुक्रवार को लिम्फेटिक फाइलेरिया और क्रीमी मुक्ति दवा का कैंप लगाकर और घर-घर जाकर निःशुल्क वितरण के लिए ई-रिक्शा टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विमल किशोर राय सहित सिटी प्रोग्राम मैनेजर स्वतंत्र रहंगडाले, अशोक सिंह, अनुराग गुप्ता, मलेरिया विभाग विषेषज्ञ कुमार सिंह, पीसीआई के मिथिलेश सिंह उपस्थित रहे।

महापौर मीनल चौबे ने निगम मुख्यालय से स्वास्थ्य विभाग के पांच ई रिक्शा वाहन को हरी झंडी दिखाकर हीरापुर रामनगर, गोगांव, भनपुरी क्षेत्र में सामूहिक दवा वितरण के लिए रवाना किया।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

ओम डेन्टल हॉस्पिटल (अब नई जगह)
• दर्द रहित रुट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT) • टेढ़े मेढ़े दांतो का इलाज (INVISALIGN) Clear Aligners द्वारा
• डेंटल इम्पलांट (Dental Implants) • Smile Designing • दांतो की Bleaching
• मसूड़ों की बीमारी • अक्ल दाढ़ निकालना
117, मेन रोड समता कालोनी, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, रायपुर 0771-4064222, 8305948040

जीवन ज्योति होम्योपैथी क्लीनिक
रोग निदान — 17 वर्षों से आपके सेवा में
• महिला संबंधी रोग : अनियमित मासिक धर्म, पी.सी.ओ.डी.
• अस्थि रोग : अर्थाइटिस, सायटिका फ्रोजन सोल्डर, स्पॉडिलाइटिस
• पुरूष संबंधित रोग : कमजोरी, हाइड्रोसील, नाक, कान, गला व श्वास संबंधित रोग
• चर्म रोग : एक्जीमा, सोरिएसिस, सफेद दाग, शरीर में गठान, मस्से, झाइ
• पाचन संबंधी रोग : एसीडिटी, अल्सर, बवासीर, कब्ज
• किडनी एवं हृदय रोग : पथरी, यूरीन इंफेक्शन, बीपी
• शिशु रोग : सर्दी, खांसी, बुखार
• स्नायू (वर्व) रोग : मिर्गी, माइग्रेन, पैरालाईसीस
• केश रोग : बालो का झड़ना, रूसी, एलोपेसिया,
सुगर, थाईराइड, मोटापा, मानसिक रोग, तनाव, चिड़चिड़ापन, डिप्रेशन, नींद की बिमारी

डॉ. रंजीता जायसवाल
BHMS. (BHOPAL)
Ex. RMO Maharana Pratap Homoeopathic College & Hospital Raipur (C.G)
अपॉइंटमेंट हेतु कॉल करें
84351-99964
शॉप नं. 5, शुभम विला अपार्टमेंट, मेनरोड, न्यू राजेन्द्र नगर मेडिशाइन हॉस्पिटल के पास, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### सड़क पर जन्मदिन मनाने और सार्वजनिक यातायात को बाधित करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के मुख्य समिति कक्ष में शुक्रवार को आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में सड़कों पर जन्मदिन मनाने, पंडाल लगाने, भंडारा आयोजित करने की प्रवृतियों को हतोत्साहित करने एवं सार्वजनिक यातायात को बाधित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी व्यक्ति यदि सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध करेगा, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध करने वालों पर एंटी-एन्क्रोचमेंट एक्ट, मोटर व्हीकल एक्ट, नगर पालिका अधिनियम एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों तथा भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

आठवीं पुण्यतिथि

संस्थापक- धनश्री ज्वेलर्स Since 1991
स्वर्गीय श्री लक्ष्मीनारायण सोनी
जन्म-1941, देहावसान 1.3.2017
कर्म-निष्ठा का प्रदीप्त प्रकाश सामाजिक सेवा का विलक्षण व्यक्तित्व नैतिक मूल्यों और सिद्धांतों के आदर्श प्रेम के स्रोत पिता श्री लक्ष्मीनारायण जी सोनी की आठवीं पुण्यतिथि पर श्री चरणों में शत्-शत् नमन
सतत अपने विचारों और मार्गदर्शन के माध्यम स्वरूप में आप हमारे बीच विधमान है और सदा रहेंगे ।
भावपूर्ण श्रद्धांजलि सोनी (कुकरा) परिवार रायपुर छत्तीसगढ़
संस्थान:
धनश्री ज्वेलर्स Since 1991 सदर बाजार, रायपुर, 9425213421, 9425528585
• लक्ष्मीनारायण घनश्याम सोनी
• एल.जी. डाई कटर्स, नयापारा, शंकर चौक, रायपुर 9425555031, 9893088840.
• लक्ष्मीनारायण सोनी ग्रैंडसन्स प्राईवेट लिमिटेड, सदर बाजार रायपुर
Khanna

## निधन

### रुक्मांगद प्रसाद दुबे



रायपुर। पन्डरभट्ठा, हसदा निवासी रुक्मांगद प्रसाद दुबे (लाला) का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया। वे सुशील, अनिल, सुनील, रमेश दुबे के पिता एवं कांग्रेस नेता अविनय दुबे के बड़े पापा थे।

### रत्ना ब्यौहार



सेवानिवृत्त शिक्षिका रत्ना ब्यौहार का 28 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे वरिष्ठ पत्रकार स्व. श्रद्धेय रम्मू श्रीवास्तव की बहन एवं स्वामी सत्य संकल्प व डॉ. शाश्वत ब्यौहार की माताजी थीं।

### कुंभलाल देवांगन



रायपुर। सत्यम विहार कॉलोनी महादेवघाट रोड निवासी कुंभलाल देवांगन का 27 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे बिस्वंतीन देवांगन के पुत्र, कुंती देवांगन के पति, राजेश देवांगन के भाई एवं दीपक देवांगन के पिता थे।

### मायादेवी जीवनानी



रायपुर। बजाज कॉलोनी सेक्टर-2 निवासी मायादेवी जीवनानी का निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे श्रवण जीवनानी की माता एवं विकास, सौरभ, साहिल की दादी थीं।

### सूर्यनारायण का पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेज में दान



रायपुर। एके श्रीनिवास मूर्ति एवं बहन विजयलक्ष्मी ने अपने पिता दिवंगत ए. सूर्यनारायण मूर्ति की अंतिम इच्छा के अनुरूप उनका पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेज रायपुर को दान किया। यह पुनीत कार्य चिकित्सा शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया, जिससे आने वाली पीढ़ियों के डॉक्टरों और शोधकर्ताओं को मानव शरीर की संरचना को बेहतर ढंग से समझने में सहायता मिल सकेगी।

आम उपभोक्ताओं के 11 लाख मीटर बदले गए

# सवा लाख सरकारी दफ्तरों में लगने हैं स्मार्ट मीटर, अब तक लगे सिर्फ सात हजार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं के मीटर को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। सबसे पहले सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का आगाज किया गया था। सवा लाख से ज्यादा सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगने हैं, लेकिन करीब एक साल में अब तक महज सात हजार दफ्तरों में ही स्मार्ट मीटर लग पाए हैं, जबकि आम उपभोक्ताओं के 11 लाख से ज्यादा मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। सरकारी दफ्तरों में अब तक मीटर नहीं लग पाने का कारण यह बताया जा रहा है कि इन दफ्तरों में थ्री फेज मीटर लगने हैं, जो अब तक स्मार्ट मीटर लगाने वाली ठेका कंपनियों के पास आए नहीं हैं। इनके आने के बाद ही इनको लगाने का काम होगा।

- ठेका कंपनियों के पास नहीं पहुंचे मीटर इसलिए नहीं लग पाए

बिजली बिल जमा करने के मामले में प्रदेश के सरकारी विभाग ही बेलगाम हैं। इन पर कितना भी बिल बकाया हो जाए, इनका कनेक्शन कट नहीं किया जाता है। लेकिन आम उपभोक्ता का थोड़ा सा बकाया होने पर पॉवर कंपनी के कर्मचारी कनेक्शन काटने पहुंच जाते हैं। पॉवर कंपनी हमेशा से सरकारी विभागों पर बकाया को लेकर परेशान रही है। इस समय भी प्रदेश भर के सरकारी विभागों पर 25 सौ करोड़ से ज्यादा का बकाया है।

### स्मार्ट मीटर न लग पाने का कारण

प्रदेश में करीब 58 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसके लिए टाटा और जीनस कंपनी को ठेका मिला है। 55 लाख से ज्यादा आम उपभोक्ताओं के मीटर लगने हैं। इसी के साथ दो लाख से ज्यादा ट्रांसफार्मरों में मीटर लगेंगे। लेकिन अब तक महज 31 सौ ट्रांसफार्मरों में ही मीटर लग पाए हैं। इसी के साथ 129332 सरकारी दफ्तरों में से महज 7107 दफ्तरों में ही मीटर लग पाए हैं। सरकारी दफ्तरों में अब तक स्मार्ट मीटर न लग पाने का कारण पॉवर कंपनी के अधिकारी यह बता रहे हैं कि इन सभी में थ्री फेज वाले अलग मीटर लगने हैं। ज्यादातर सरकारी दफ्तरों के कनेक्शन 15 किलो वॉट से ज्यादा के हैं। ऐसे में इन दफ्तरों में लगने वाले मीटर अब तक ठेका लेने वाली कंपनियों के पास उपलब्ध नहीं हैं, इसके कारण मीटर नहीं लग पा रहे हैं। संभावना जताई जा रही है कि मार्च से सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ हो जाएगा। प्रदेश के 5441 फीडरों में मीटर लगाने का काम पूरा हो गया है।

# वाटर वर्ल्ड रायपुरा सहित बड़े बकाएदारों से 24 लाख रुपए की वसूली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम के राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार को वाटर वर्ल्ड रायपुरा के साथ अन्य एक व्यक्ति से बकाया राशि वसूली है। इनमें वाटर वर्ल्ड पर 19 लाख 45 हजार 240 रुपए बकाया था। बकाया राशि के लिए निगम ने कई बार उसे नोटिस भी जारी किया था, लेकिन इसके बाद भी बकाया राशि जमा नहीं की जा रही थी। इस मामले में टीम ने सख्ती दिखाते हुए राशि वसूल की। इसी प्रकार पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड में भरत कुमार अग्रवाल पर 4 लाख 39 हजार 823 रुपए बकाया था। यह राशि भी वसूल की गई।

जोन 8 कमिश्नर एके हालदार के निर्देश पर सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाघव के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक सुनील रघुवंशी, नीलम सहारे, सहायक राजस्व निरीक्षक रत्नदीप करवाडे. सहित अन्य कर्मचारियों की टीम ने बड़े बकायेदारों से बकाया राशि वसूल करने की कार्यवाही की। उल्लेखनीय है कि राजस्व विभाग कुल 23 लाख 85 हजार 63 रुपए की राशि वसूल चुका है। इसके पूर्व तक 10 लाख 29 हजार 201 रुपए की राशि वसूल की गई थी। इस तरह अभी तक कुल 34 लाख 14 हजार 264 रुपए राजस्व विभाग ने वसूला है।

# किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर रेप, दस वर्ष कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कबीर नगर थाना क्षेत्र में तालाब में नहाती हुई किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रेप के आरोपी को कोर्ट ने 10 वर्ष कैद तथा तीन हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम के फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई है। लोक अभियोजक विमला तांडी के मुताबिक कोर्ट ने दिनेश कुमार सोनी को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। किशोरी ने पांच फरवरी 2019 को दिनेश के खिलाफ थाने में ब्लैकमेल कर रेप करने की शिकायत दर्ज कराई थी। कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक किशोरी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि रिपोर्ट दर्ज कराने के एक माह पूर्व दिनेश ने तालाब में नहाते हुए उसका अश्लील वीडियो बना लिया था। इसके बाद दिनेश ने किशोरी को वह अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रेप किया। विरोध करने पर तथा वीडियो के बारे में किसी को बताने पर दिनेश ने युवती को जान से मारने की धमकी दी थी।

### चैंबर चुनाव, व्यापारी एकता पैनल की प्रमुख बैठक

**रायपुर।** व्यापारी एकता पैनल की बैठक शुक्रवार को पंजाब पैलेस में हुई, जिसमें एक पंच कमेटी का गठन किया गया। इसमें संयोजक तिलोक बरड़िया, विजय अग्रवाल, श्रीचंद सुंदरानी, हरचरण सिंह साहनी, सतीश थौरानी, सरल मोदी, सुशील अग्रवाल, विजय मुकीम शामिल हुए। इसके अलावा अध्यक्ष एवं अन्य पदों के लिए संभावित नामों पर चर्चा की गई। जिसमे सतीश थौरानी, विजय अग्रवाल, चेतन तारवानी, सरल मोदी, राधाकिशन सुंदरानी, अमर बंसल, विजय मुकीम, सुभाष अग्रवाल, राजेश वासवानी आदि संभावित नाम हैं।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन का प्रथम अधिवेशन 2 मार्च को

**रायपुर।** केंद्रीय सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं अधिकारियों के संगठन का 2 मार्च रविवार को प्रथम राज्य स्तरीय अधिवेशन कालीबाड़ी स्थित रविंद्र मंच में होने जा रहा है। नवगठित संस्था के इस अधिवेशन में सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी तथा उनके परिवारों के साथ वर्तमान में सेवारत अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिजन एवं नागरिक भी शामिल होंगे। अधिवेशन के मुख्य अतिथि विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे, वहीं छग शासन के कृषिमंत्री रामविचार नेताम, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी बतौर विशिष्ट अतिथि इस अधिवेशन में उपस्थित होंगे।

# पीटी क्लासेस में नहीं हो पाई 'आई एक्सरसाइज' और स्कूलों में शुरू हो गई परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ज्यादा टीवी और मोबाइल देखने की वजह से दृष्टि कमजोर कर रहे बच्चों की आई एक्सरसाइज की योजना ठंडे बस्ते में चली गई है। करीब डेढ़ साल पहले इस शिक्षा को पीटी क्लास में लागू करने की योजना पूरी नहीं हो पाई और स्कूलों में परीक्षाओं का दौर शुरू हो गया। स्वास्थ्य विभाग की इस योजना को अब आने वाले शिक्षण सत्र में लागू करने की संभावना है। अंधत्व निवारण अभियान के तहत स्कूलों में जांच कर चश्मा वितरण के बड़े आंकड़े को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने पीटी क्लासेस में आंखों की एक्सरसाइज को भी जोड़ने की योजना बनाई गई थी। इसके तहत बच्चों को टीवी, मोबाइल के ज्यादा उपयोग से होने वाली दिक्कतों की जानकारी देने के साथ आंखों को सुरक्षित रखने के लिए तरीके भी बताया जाना था। स्वास्थ्य विभाग के मैदानी स्तर के अफसरों की इस योजना को उच्च स्तर पर मंजूरी दी गई। योजना के अनुसार सप्ताह में एक दिन यानी शनिवार को होने वाली पीटी क्लास में योगाभ्यास के जरिए आंखों की कसरत सिखाने की तैयारी थी।

## पेज 11 के शेष

### पट गए 30 तालाब...

**सौंदर्यीकरण नहीं होने से मंडरा रहा खतरा:** शहर के बचे तालाबों को सुरक्षित रखने के लिए स्मार्ट सिटी लिमिटेड रायपुर द्वारा उनका सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके तहत शहर में बूढ़ापारा, तेलीबांधा मरीन ड्राइव सहित कई तालाबों का सौंदर्यीकरण भी किया गया है, लेकिन जितने तालाबों का सौंदर्यीकरण किया गया है, उससे कहीं ज्यादा तालाब ऐसे हैं, जिसके सौंदर्यीकरण के लिए अब तक पहल नहीं की गई है। ऐसे में इन तालाबों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है।

### मेडिकल में एचओडी...


शिकायत थी कि गैर विभागीय सीएमई में जबरन बुलाकर शराब पीने का ऑफर किया गया। इनकार करने पर एचओडी फोन और मैसेज कर उस पर दबाव बनाते रहे। इसके पूर्व भी पुरानी तस्वीर को अच्छी बताते हुए व्हाट्सएप डीपी बदलने, थीसिस एप्रूवल के बदले गलत तरीके से पार्टी करने का प्रस्ताव दिया। छात्रा ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि एचओडी उसके कपड़े और पसंदीदा रंगों पर भी गलत तरीके से टिप्पणी करते थे और मौका मिलने पर बैड टच करते थे। इन आरोपों पर विभाग के अन्य विद्यार्थियों द्वारा सीएमई को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सीएमई में किसी प्रकार की अनिवार्यता नहीं थी। रात्रि भोज के दौरान शराब नहीं परोसी गई और विद्यार्थियों को हास्टल तक छोड़ने की व्यवस्था की गई। डीपी बदलने की सलाह शालीन वेशभूषा वाली तस्वीर के लिए प्रेरित करना था। छात्रा ने अपनी शिकायत में अन्य छात्रों से अभद्र व्यवहार करने का जिक्र किया था, जिसका विद्यार्थियों की ओर के खंडन किया गया है।

### एचओडी के समर्थन में...

डा. दिनेश साहू, डा. विभा छाबड़िया, डा. रामकृष्ण मिश्रा, डा. आशुतोष कोसले, डा. शिवांगी वैष्णव, डा. माधुरी महंत, डा. रितुषा सालोमन ने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त किरण कौशल को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा है।

### जनता की सुविधा...

अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। इस बैठक में वह सभी पार्षदों से उनके वार्ड में पेयजल की स्थिति के बारे में जानकारी लेंगी। बैठक में जिस-जिस वार्ड में गर्मी के दिनों में पेयजल की समस्या रहती है, उनकी लिस्ट तैयार करा कर पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति मिले, इसे सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने कहा कि बैठक में वह स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में क्या-क्या कार्य किए जा सकते हैं, इस संबंध में पार्षदों से लेकर अधिकारियों से सुझाव लेंगी। इन सुझावों के आधार पर ही शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में कार्ययोजना बनाकर कार्य किए जाएंगे। महापौर ने कहा कि शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण में रैंकिंग दिलाने में जनता का फीड बैक महत्वपूर्ण होता है। जनता के पॉजिटिव फीड बैक से ही शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग मिलती है, इसलिए शहर में स्वच्छता अभियान से लेकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग फीड बैक दें।



## खबर संक्षेप

### विद्युत मंडल अभियंता संघ का प्रांतीय सम्मेलन आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल अभियंता संघ का एक दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन 1 मार्च शनिवार को अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र मड़वा में आयोजित है। प्रतिवर्ष होने वाले इस सम्मेलन में पॉवर कंपनियों के प्रदेशभर के अभियंता हिस्सा लेंगे। संघ के प्रदेशाध्यक्ष इंजीनियर राजेश पांडेय एवं महासचिव मनोज वर्मा ने बताया कि बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के लिए पॉवर कंपनी को अपनी विद्युत उत्पादन क्षमता तथा उपभोक्ता सेवा को बढ़ाने के लिए नवाचारों के संबंध में विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक संजीव कुमार कटियार होंगे, पारेषण एवं वितरण कंपनियों के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला एवं भीम सिंह कंवर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। संघ के इस बार के सम्मेलन में ऊर्जा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों के लिए अभियंताओं की भूमिका तथा दक्षता सुधार जैसे विषय पर विशेष रूप से चर्चा होगी। इस दौरान सेवानिवृत्त वरिष्ठ अभियंताओं को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित भी किया जाएगा।

### महाराष्ट्र मंडल के सदस्यों ने देखी फिल्म 'छावा'

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, सचिव चेतन गोविंद दंडवते, मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन के साथ पूरी कार्यकारिणी, विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों, 16 केंद्रों की संयोजिकाओं, सह संयोजिकाओं के साथ बड़ी संख्या में आजीवन सभासदों ने पंडरी स्थित सिटी मॉल सेंटर के पीवीआर मल्टीप्लेक्स में गुरुवार को फल्मि 'छावा' देखी। सभी ने लक्ष्मण उतेकर निर्देशित फल्मि छावा की प्रशंसा की और संभाजी राजे के प्रभावी रोल में विक्की कौशल के अभिनय की जमकर तारीफ की। समूचे महाराष्ट्र मंडल ने इस फल्मि को टैक्स फ्री करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष अजय काले ने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित ऐतिहासिक वीर गाथा फिल्म छावा को राज्य में टैक्स फ्री घोषित किया है। लोग इस प्रेरक फल्मि को देखने के लिए उत्सुक होंगे। 'छावा' से लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत होगी। सचिव चेतन दंडवते ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन भी चाहता है कि 'छावा' देखकर प्रदेश के युवा न केवल राष्ट्रप्रेम के मायने को समझें, बल्कि अपने व्यक्तित्व में भी संभाजी राजे वाला जज्बा लाएं।

### प्रति व्यक्ति आय 9.37 प्रतिशत बढ़ी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में प्रति व्यक्ति आय पिछले साल के मुकाबले बढ़कर 2024-25 में 1 लाख 62 हजार 870 रुपए होने का अनुमान है। पिछले वर्ष के मुकालबे यह वृद्धि 9.37 प्रतिशत है। यह जानकारी शुक्रवार को राज्य विधानसभा में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में कही गई है। राज्य की विकास दर 2024-25 में 7.51 प्रतिशत होने का अनुमान भी इसी सर्वेक्षण रिपोर्ट में लगाया गया है। प्रति व्यक्ति आय निवल राज्य घरेलु उत्पाद को प्रोजेक्टेड जनसंख्या से भाग देकर निकाला जाता है। वर्ष 2024-25 में प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 62 हजार 870 रुपए अनुमानित है। जबकि 2023-24 में यह 1 लाख 48 हजार 922, रही थी।

# इंजीनियरिंग छात्रों को अपडेट रखने प्राध्यापकों को मिलेगी ट्रेनिंग, सिखाई जाएगी नई तकनीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंजीनियरिंग छात्रों को अध्यापन कार्य कराने वाले प्राध्यापकों के लिए स्पेशल ट्रेनिंग प्रोग्राम संचालित किया जाएगा। ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन अर्थात एआईसीटीई यह पहल कर रहा है। कोर इंजीनियरिंग सब्जेक्ट से संबंधित फैकल्टी मेंबर्स के एकेडमिक डेवलपमेंट के लिए ''एआईसीटीई-क्यूआईपी-पीजी सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन इमर्जिंग एरियाज'' लॉन्च किया गया है। इसके माध्यम से कोर इंजीनियरिंग सब्जेक्ट जैसे-मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल आदि के फैकल्टी मेंबर्स को टेक्नोलॉजी के उभरते क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान की जाएगी, जिससे वह इन कोर्स के स्टूडेंट्स को प्रभावी रूप से पढ़ाने में सक्षम हो सकें। एआईसीटीई ने खास तरह के इस कोर्स में प्रवेश के लिए योग्यता भी निर्धारित की है। मान्यता प्राप्त संस्थानों में अध्यापन कार्य करने वाले और कम से कम 5 साल पढ़ाने का अनुभव रखने वाले इस सर्टिफिकेट प्रोग्राम के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं। किसी भी होस्ट इंस्टिट्यूट में कोर्स के लिए नामांकित होने वाले मैक्सिमम 50 फैकल्टी मेंबर से कोई फीस नहीं लिया जाएगा।

■ पांच साल अध्यापन करा चुके शिक्षक को ही मिलेगा इसमें प्रवेश

## इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के प्राध्यापकों के लिए स्पेशल ट्रेनिंग प्रोग्राम

### प्राध्यापकों का अपडेट रहना जरूरी

एआईसीटीई का कहना है कि यह पहल जरूरी है क्योंकि इंजीनियरिंग में उभरते क्षेत्र लगातार डेवलप हो रहे हैं जिससे शिक्षकों को अपडेट रहने की जरूरत है। यह प्रोग्राम शुरू करने का उद्देश्य फैकल्टी मेंबर्स को छात्रों को इन उभरते क्षेत्रों को प्रभावी ढंग से पढ़ाने के लिए जरूरी ज्ञान और स्किल से युक्त करना है। इससे न केवल फैकल्टी मेंबर्स को उनकी विशेषज्ञता बढ़ाकर फायदा मिलेगा, बल्कि देश में इंजीनियरिंग एजुकेशन की ओवरऑल क्वालिटी बढ़ाने में भी योगदान मिलेगा।



### तीन चरणों में विभाजन

एआईसीटीई सर्टिफाइड संस्थानों को काउंसिल के पास आवेदन जमा करना होगा। प्रोग्राम कंटेंट को तीन फेज जागरूकता, विशेषज्ञता और अनुप्रयोग में बांटा गया है। 18 क्रेडिट के प्रोग्राम में थ्योरी, प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट आदि शामिल हैं। इंडस्ट्री सेक्टर के एक्सपर्ट को भी इसमें शामिल किया गया है ताकि शिक्षक आज की इंडस्ट्री की जरूरतों और ट्रेंड्स से अपडेट रहें। इस पहल का उद्देश्य इंजीनियरिंग और टेक्निकल एजूकेशन फैकल्टी के टीचिंग मैथ्डस को एडवांस बनाना है ताकि स्टूडेंट्स को हाई गुणवत्ता वाली टेक्निकल एजूकेशन मिल सके।

## मिलरों को नोटिस देने की तैयारी में विभाग

# डेढ़ लाख टन धान सोसाइटियों में हुआ जाम, उठाव के लिए अंतिम 2 दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले के धान उपार्जन केंद्र समितियों में अभी भी डेढ़ लाख टन धान जाम पड़ा हुआ है, जबकि धान उठाव की अंतिम तारीख 28 फरवरी तय की गई है। इस तरह सोसाइटियों से धान का उठाव के लिए मिलरों के पास अब सिर्फ दो दिन ही बचे हैं। इधर निर्धारित समय-सीमा में सोसाइटियों से धान का उठाव नहीं करने वाले मिलरों के खिलाफ खाद्य विभाग अब सख्ती दिखा सकता है। अनुबंध के अनुसार जिन मिलरों ने 50 प्रतिशत से कम धान का उठाव किया है, ऐसे मिलरों को नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है।

रायपुर जिले में इस बार 2134852.46 क्विंटल धान का डीओ कस्टम मिलरों को जारी किया गया है। इसकी तुलना में मिलरों ने अब तक 1809242.19 क्विंटल धान का उठाव सोसायटियों से किया है, वहीं 325610.27 क्विंटल धान का उठाव नहीं किया गया है। शेष धान अभी भी सोसायटियों में जाम है। इधर मिलरों को सोसायटियों से धान के उठाव लिए 28 फरवरी तक का समय दिया गया है। इसके बाद भी मिलरों ने शत प्रतिशत धान का उठाव नहीं कर पाए हैं।



**समय-सीमा में धान उठाव के दिए हैं निर्देश**

धान उठाव को लेकर मिलरों की बैठक ली गई है। इस बैठक में सभी मिलरों को समय-सीमा में धान के उठाव के निर्देश दिए गए हैं। जरूरत पड़ने पर मिलरों को नोटिस भी जारी किया जाएगा।

- भूपेंद्र मिश्रा
खाद्य नियंत्रक, खाद्य विभाग रायपुर

### *लगभग 100 मिलर 50 प्रतिशत भी नहीं कर पाए हैं धान का उठाव*

*रायपुर जिले में कुल 238 है जिनके द्वारा धान का उठाव करने के लिए विभाग से अनुबंध किया है। इनमें लगभग 100 मिलर ऐसे हैं जो 50 प्रतिशत से भी कम धान का उठाव किए हैं। ऐसे मिलरों के नाम की विभाग सूची बनाकर उन्हें नोटिस जारी करने की तैयारी कर रहा है।*

### *बैठक में अधिकारी दे चुके है निर्देश*

*मिलरों द्वारा सोसायटियों से धीमी गति से किए जा रहे धान के उठाव को लेकर जिला खाद्य अधिकारी ने करीब 5 दिन पूर्व मिलरों की बैठक ली थी। इस बैठक में उन्होंने सभी मिलरों को धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। साथ ही तय समय-सीमा में धाव का उठाव नहीं करने पर उन्हें नोटिस जारी करते हुए कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी थी। इस बैठक के दौरान जिले में करीबन ढाई लाख टन धान का उठाव शेष था। बैठक के बाद धान उठाव में तेजी तो आई है, जिससे इन दिनों में करीब एक लाख टन धान का उठाव भी हुआ है, लेकिन अभी भी करीब डेढ़ लाख टन धान सोसायटियों में पड़ा हुआ है। शेष बचे धान को उठाव के लिए अब सिर्फ दो दिन ही शेष बचे हैं।*

# फरवरी के अंतिम दिन सबसे गर्म रही राजधानी पारा 37 के करीब पहुंचा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फरवरी के अंतिम दिन राजधानी रायपुर ने गर्मी के मामले में अन्य शहरों को पीछे छोड़ दिया। शुक्रवार को यहां का अधिकतम तापमान 37 डिग्री रिकार्ड किया गया। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से छाए हल्के बादलों की वजह से रात का तापमान भी अन्य शहरों की तुलना में अधिक दर्ज किया गया है। फरवरी का महीना ठंडी गर्मी के बीच बीत गया है। मार्च के महीने में अगर पश्चिमी विक्षोभ अपना ज्यादा असर नहीं दिखाता है, तो गर्मी अपना प्रभाव दिखाएगी।

■ रात के तापमान के मामले भी रायपुर अव्वल

### मौसम शुष्क रहने की संभावना

मौसम विभाग द्वारा मार्च से लेकर मई के बीच सामान्य से अधिक गर्मी रहने और लू के दिनों की संख्या भी अधिक रहने की संभावना जताई गई है। महीने के अंतिम दिन राजधानी में 37 डिग्री की गर्मी रही, वहीं पिछले चौबीस घंटे में रात का पारा 19 डिग्री पर रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ उत्तर में स्थित है। इसके प्रभाव से एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिमी राजस्थान और उससे लगे पाकिस्तान के ऊपर विस्तारित है। विक्षोभ की वजह से रात में हल्के बादल रहने, मगर मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि का दौर बने रहने का अनुमान है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं हुआ।

# पदभार ग्रहण से पहले महापौर पहुंची निगम दफ्तर, अधिकारियों से की अनौपचारिक चर्चा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने पदभार ग्रहण करने से पहले ही निगम की बागडोर संभाल ली है। महापौर शुक्रवार को निगम मुख्यालय पहुंचीं और श्रीगणेश की प्रतिमा की पूजा-अर्चना करने के बाद कमिश्नर अबिनाश मिश्रा की उपस्थिति में अधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक जरूर अनौपचारिक रूप से थी, लेकिन महापौर ने बैठक में अधिकारियों को इसकी जानकारी दी कि आगामी दिनों में कौन-कौन सी योजना एवं कार्यों को प्राथमिकता देना है।

निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में आयोजित अनौपचारिक बैठक में अधिकारियों को कहा कि जनता के सुझावों से जनता की सुविधाओं के लिये काम करना है। उन्होंने कहा कि निगम अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें, तो रेवेन्यू अपने आप जनरेट होगा। महापौर ने स्वच्छता रैंकिंग में सकारात्मक फीडबैक के लिये जनता को विश्वास में लेकर कार्य करने कहा। महापौर ने सभी जोन कमिश्नरों को नवनिर्वाचित परिषद के प्रथम सम्मिलन के 3 दिनों के भीतर वार्ड पार्षदों की बैठक लेकर जलसंकट पर संज्ञान लेने कहा है। महापौर ने बैठक में अधिकारियों को नगर निगम के मूलभूत कार्यों पर विशेष ध्यान देकर फोकस करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर निगम के कार्यो की मूलभूत आवश्यकता शहर में सफाई, पेयजल, सड़क बत्ती संबंधी कार्यों को प्राथमिकता देने कहा।





### प्रापर्टी टैक्स वसूलने लगाएं शिविर, समीक्षा में आयुक्त ने दिया निर्देश

**रायपुर।** लोगों से प्रापर्टी टैक्स वसूलने में बिरगांव निगम पिछड़ गया है। इसमें तेजी लाने और रिकवरी की स्थिति जांचने के लिए निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वषा ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इसमें पाया गया कि अभी तक लगभग 60% वसूली जिम्मेदार कर पाए हैं, जो शासन द्वारा तय लक्ष्य 80% से कम होने पर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए 31 मार्च तक 100% वसूली के लिए निर्देशित किया है। निगम आयुक्त ने वसूली में तेजी लाने के लिए सभी टैक्स दाताओं को व्हाट्सअप और मैसेज भेजने कहा है। वार्डों में शिविर लगाने, बकायदारों की लिस्ट बनाने के बाद राजस्व अधिकारियों को डोर टू डोर संपर्क और वसूली करने निर्देश दिया है। टैक्स नहीं पटाने वाले बकायदारों को विधिवत बिल, नोटिस, कुर्की की कार्रवाई करते हुए लोक अदालत में केस प्रस्तुत करने और बड़े बकायादारों का नाम उनके निवास एवं कार्यस्थल के पास फ्लैक्स, होर्डिंग के माध्यम से सार्वजनिक करने का निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिया है। राजस्व अधिकारी दीपक दीवान ने बताया कि ऐसे टैक्स दाता जिन्होंने टैक्स नहीं दिया, उन्हें डिमांड बिल, नोटिस भेज रहे हैं।

# मस्जिदों में मुतवल्ली की नियुक्ति पर समाज के लोग खफा, वक्फ बोर्ड का घेराव कर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देश में वक्फ संशोधन बिल तथा प्रदेशभर की मस्जिदों में मुतवल्ली नियुक्ति को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। इसी नाराजगी के कारण शुक्रवार को प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पहुंचे मुस्लिम समाज के लोगों ने राजधानी रायपुर स्थित वक्फ बोर्ड कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान लोगों ने वक्फ संशोधन बिल तथा मस्जिदों में सनातन धर्म के लोगों की नियुक्ति का जमकर विरोध करते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मस्जिदों में मुतवल्ली की नियुक्ति के लिए चुनाव कराने की मांग करते हुए वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज को ज्ञापन भी सौंपा।

इधर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष का कहना है कि जो संशोधन बिल लाया गया है, वह मुस्लिम समाज के हित में है। इसका विरोध करना गलत है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के लोग भले ही मुस्लिम समाज के धर्म से अच्छी तरह वाकिफ नहीं हैं, लेकिन वे उनके हित के लिए ही कार्य करेंगे। राजधानी रायपुर स्थित वक्फ बोर्ड कार्यालय में आज मुस्लिम समाज के लोगों ने ही घेराव कर दिया। घेराव करने वाले लोग प्रदेश के अलग-अलग शहरों से आए थे। इनमें बिलासपुर, अंबिकापुर एवं कांकेर सहित अन्य जिलों से पहुंचे थे। इनमें किसी शहर से वक्फ संशोधन बिल का विरोध करने पहुंचे थे, तो अन्य शहरों से मस्जिदों में मुतवल्ली की नियुक्ति को लेकर विरोध करने पहुंचे थे। सभी शहरों से आए समाज के लोगों ने कार्यालय के बाहर पहले नारेबाजी करते हुए संशोधन बिल और मुतवल्ली की नियुक्ति को लेकर जमकर प्रदर्शन किया।



### कई शहरों की मस्जिदों में बवाल

उल्लेखनीय है कि रमजान का महीना शुरू होने वाला है। इससे पहले ही प्रदेशभर की अलग-अलग मस्जिदों में मुतवल्ली की नियुक्ति कर दी गई है, जिसे लेकर अब कई शहरों के मस्जिदों में बवाल मच गया है। कई मस्जिदों में सनातन धर्म के लोगों की नियुक्ति कर दी गई है, जिसका समाज के लोग विरोध पर उतर आए हैं। समाज के लोगों का कहना है कि एक सनातन धर्म का व्यक्ति कैसे उनके धर्म को समझ सकता है, इसलिए वे अब नियुक्ति को रद्द करने के साथ मस्जिदों में चुनाव कराकर मुस्लिम समाज के लोगों को मुतवल्ली नियुक्त करने की मांग कर रहे हैं।

### लोगों से चर्चा कर उन्हें शांत कराया

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज ने प्रदर्शनकारियों में शामिल अलग-अलग शहर से आए समाज के प्रमुख लोगों से चर्चा कर उन्हें शांत कराया। इस दौरान सभी शहरों के समाज प्रमुखों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से मुतवल्ली की नियुक्ति को रद्द करने के साथ मस्जिदों में इनकी नियुक्ति के लिए चुनाव कराए जाने की मांग की।

## बिजनेस साइट

### मैट्स विश्वविद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा जागरूकता पर ऑनलाइन वेबिनार



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय, आरंग कैम्पस, रायपुर के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी, माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग द्वारा शुक्रवार को एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार का उद्देश्य खननकर्मियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा जागरूकता के महत्व को बढ़ाना था। वेबिनार का नेतृत्व दिनेश राव ने किया, उन्होंने व्यावहारिक अंतर्दृष्टि और गहन ज्ञान के माध्यम से छात्रों को खनन इंजीनियरिंग में प्राथमिक चिकित्सा जागरूकता के महत्व को समझाया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. घनश्याम शाकर, माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग प्रमुख द्वारा की गई। मैट्स विश्वविद्यालय के चांसलर गजराज पगारिया ने फैकल्टी, छात्रों और आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। इसके अलावा विश्वविद्यालय के निदेशक जनरल प्रियेश पगारिया ने ऐसे आयोजनों को तकनीकी कौशल विकास को बढ़ावा देने के रूप में प्रोत्साहित किया।









हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 1 मार्च 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937





पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में एनआईटी का 15वां दीक्षांत समारोह, 1319 विद्यार्थियों को प्रदान की गई डिग्री

# स्वर्ण-रजत पदक मिलते ही खिले चेहरे, टॉपर्स बोले- कॅरियर बनाने के लिए खुद तय करें लक्ष्य

'हर विद्यार्थी को चाहिए कि वह अपनी रुचि के हिसाब से ही लक्ष्य तय करे। किसी के कहने या सुझाव को कॅरियर का हिस्सा बनाने से बचें। दूसरों को पता नहीं होता कि आप किस काम को बेहतर कर सकते हैं। कुछ इसी तरह की सलाह राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्था रायपुर के 15वें दीक्षांत समारोह में गोल्ड व रजत पदक प्राप्त करने टॉपर्स ने दी गई। इससे पहले शुक्रवार को सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे के बीच 1319 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई।'



**रायपुर।** एनआईटी के दीक्षांत में बतौर मुख्य अतिथि किर्लोस्कर ब्रदर्स के चेयरमैन संजय किर्लोस्कर, विशिष्ट अतिथि इसरो के पूर्व चेयरमैन डॉ. एस. सोमनाथ ने आयोजन को गरिमामय बनाया। अध्यक्षता संस्थान के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन डॉ. सुरेश हावरे ने की। एनआईटी के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव भी मंचस्थ रहे। इनके हाथों 1319 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई। इसमें बी.टेक, बी.आर्क के 1055, एमसीए, एमएससी, एम.टेक के 229 छात्र और 35 शोधार्थी शामिल हुए। इसमें बी.आर्क और बी.टेक प्रोग्राम के टॉपर्स को 13 स्वर्ण और 12 रजत पदक मिले। जबकि एमसीए, एमएससी, एम.टेक प्रोग्राम में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को 14 स्वर्ण और 14 रजत पदक प्रदान किए गए।





## ओवरआल टॉपर रहे श्रेयांश

सबसे पहले डॉ. राव ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट पेश करते हुए अनुसंधान और सामाजिक प्रभाव के प्रति एनआईटी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। डॉ. हावरे ने 1956 से अभी तक एनआईटी के समृद्ध विरासत, अनुसंधान, नवाचार और उद्योग में सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही संस्थान के ओवरआल टॉपर का पदक श्रेयांश गौर कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में बी.टेक को देने के लिए मंच पर बुलाया। इस दौरान तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उन्हें दो मेडल अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए।



## राष्ट्रीय समस्या का निकालें हल

इसरो के पूर्व चेयरमैन डॉ. एस. सोमनाथ ने संस्थान के समृद्ध विरासत और तकनीकी शिक्षा में योगदान के लिए सराहना की। मेडल और डिग्री पाने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई और शुभकामना देते हुए इसरो की यात्रा से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने दृढ़ता और नवाचार से विफलताओं और असफलताओं पर काबू पाने के महत्व पर प्रकाश डाला। आगे बताया कि कैसे अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कठोर परीक्षण, सावधानी, योजना और पिछले अनुभवों से बढ़ती है। छात्रों को राष्ट्रीय समस्या को हल करने के लिए प्रोत्साहित भी किया।







## लक्ष्य तय करके करें स्टडी

आंध्रप्रदेश के अनंतपुर जिले की छात्रा कीर्तना खालूरन ने बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग में रजत पदक प्राप्त किया। अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि मैने सिलेबस को दो भाग में बांट दिया था। उसके बाद प्रतिदिन 7 से 8 घंटे स्टडी करती थी। भाई इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं, उन्हें देखकर ही मैने भी निर्णय लिया कि इस फील्ड में कुछ अलग करूंगी। इसके चलते सिविल फील्ड को चुना और इसमें सफलता के साथ ही मुझे पदक भी मिला। अगर विद्यार्थी खुद के लिए लक्ष्य तय करके पढ़ाई करे तो सफलता तय है।

## नहीं चाहता कि किसी को कोचिंग से वंचित होना पड़े

ओडिशा के छात्र सुजीत कुमार साहू ने फिजिक्स में एमएससी टॉप किया। इसके लिए उन्हें गोल्ड मेडल मिला। उन्होंने बताया कि राउरकेला से पीएचडी कर रहा हूं। मेरे घरवाले ट्यूशन का खर्च वहन करने की स्थिति में नहीं थे। इसके बाद भी मैंने इस फील्ड को चुना। मेरी इच्छा है कि मैने जिस सब्जेक्ट में टॉप किया, उसका फायदा दूसरे छात्रों को मिले। इसके लिए मैं भविष्य में बतौर शिक्षक सेवा देने के लिए तैयारी कर रहा हूं। नहीं चाहता कि किसी विद्यार्थी को आर्थिक तंगी के चलते कोचिंग से वंचित होना पड़े।

## अपनी पसंद को तवज्जो दें

रायगढ़ के छात्र हर्षित पांडेय को दीक्षांत में बी.टेक बॉयोमेडिकल इंजीनियरिंग के लिए टॉपर के रूप में गोल्ड मेडल मिला। उन्होंने बताया कि रायपुर से पढ़ाई करते समय नियमित लेक्चर अटैंड करता और उसके हिसाब से ही नोट्स तैयार करके पढ़ाई की। परीक्षा से पहले सिर्फ रिवीजन करने पर फोकस रहा। युवाओं को यही करना चाहता हूं कि जो आप करना चाहते हैं, उसके हिसाब से ही पढ़ाई करें। किसी की नकल करने के बजाय अपनी पसंद को तवज्जों दें। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नियमित पढ़ाई करें।

---

एग्जॉम लाइव

# 15 मिनट केवल प्रश्नों को पढ़ें अच्छे जवाब पहले लिखें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा 1 मार्च से शुरू हो रही है, 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का पहला पेपर हिंदी विषय है। सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक परीक्षा का समय निर्धारित किया गया है, परीक्षा से पूर्व माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से सभी तैयारियां हो चुकी हैं। वही 3 मार्च से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा भी शुरू हो जाएगी। इस वर्ष परीक्षा से पहले विद्यार्थियों के बेहतर परिणाम के लिए छग माध्यमिक शिक्षा मंडल ने रूपरेखा में परिवर्तन किया है, जिसमें परीक्षा के एक दिन पूर्व विषय विशेषज्ञों की टीम हेल्पलाइन नंबर पर मौजूद रहेगी। शुक्रवार को हिंदी विषय के विशेषज्ञों की टीम मंडल में मौजूद रही, जिन्होंने दिनभर में लगभग 400 से अधिक छात्र एवं पालकों की काउंसिलिंग की। हरिभूमि से चर्चा के दौरान काउंसलर ने बताया कि परीक्षा से पहले विद्यार्थियों में तनाव काफी है। बोर्ड परीक्षा की पूरी तैयारी के बाद भी विद्यार्थी परीक्षा से डर रहे हैं, इस स्थिति में उन्हें समझाइश दी गई है, ताकि उनका मनोबल बढ़े और बेहतर परिणाम के लिए तैयारी कर सकें।




## परीक्षा में तनाव कम करने प्रश्नों को शांत मन से पढ़ें

काउंसलर रागिनी अवस्थी ने बताया कि परीक्षा हॉल में बैठने से पहले मन को शांत रखें, शुरुआती 15 मिनट केवल प्रश्नों को पढ़ें। जिन प्रश्नों के जवाब अच्छे से याद हों उन्हें पहले अटेंड करें, इससे तनाव कम होता है और सभी प्रश्नों को समय पर हल करने दृढ़ शक्ति मिलती है। परीक्षा के एक दिन पहले रात में ही कम्पास तैयार कर लें, जिसमें प्रवेशपत्र, पेंसिल, पेन, स्केल जरूर रखें। परीक्षा सेंटर में समय से 10 मिनट पहले पहुंचें। शुक्रवार को सबसे अधिक पूछे जाने वाले प्रश्नों में दो सवाल शामिल हैं।

**सवाल- विद्यार्थी, मेरी 98 प्रतिशत सभी विषयों को लेकर तैयारी पूरी है। मेरिट लिस्ट में आने के लिए उत्तरपुस्तिका में कैसे लिखें?**

*जवाब- पहले सभी प्रश्नों के समझें, हिंदी विषय में अपठित गद्यांश पूछा जाता है, जिससे अच्छे नंबर हासिल किए जा सकते हैं। लिखते वक्त महत्वपूर्ण बिंदुओं को हाइलाइट करें। उत्तरपुस्तिका में किताबी भाषा लिखें और सही उत्तर क्रमांक लिखें, अगर छात्रों की तैयारी पूरी है तो प्रश्न देखते ही उसके जवाब याद आने लगेंगे। सभी प्रश्नों के लिए निश्चित समय निर्धारित करें।*

**सवाल- परीक्षा के दौरान किन गलतियों से नंबर कटते हैं।**

*जवाब- हिंदी विषय में मात्रा संबंधित त्रुटि, विराम चिन्ह न होना, निबंध को सही से न लिखने पर नंबर कम होते हैं। इससे बचने के लिए निबंध लिखते वक्त पॉइंट में लिखें, पूरा होने पर उपसंहार जरूर लिखें। अपठित गद्यांश को लिखते वक्त शब्दों और भाषाशैली को समझकर लिखें।*

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 2 मार्च को

**रायपुर।** देश में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 2 मार्च को आयोजित होगी। यह परीक्षा प्रदेश के 26 जिलों में स्थित 151 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी, जिसमें लगभग 42 हजार छात्रों ने पंजीयन कराया है। परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। इस संबंध में आयुक्त पदुम सिंह एल्मा द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। वर्तमान में प्रदेश में 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 10 कन्या, 6 बालक एवं 59 संयुक्त विद्यालय शामिल हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक प्रति कक्षा 60 सीटों के अनुसार 420 छात्रों को प्रवेश देने का प्रावधान है। शिक्षण सत्र 2024-25 में इन विद्यालयों में 25860 सीटें स्वीकृत थीं, जिनमें 25074 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

## 5 मार्च को प्लेसमेंट कैंप, 12वीं एवं स्नातक पास युवाओं को मिलेगी नौकरी




जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र महासमुंद द्वारा स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 5 मार्च 2025 को मचेवा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रोजगार कार्यालय परिसर महासमुंद में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैंप में एनआईआईटी लिमिटेड द्वारा निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित बैंकों में विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी, जिनमें आईसीआईसीआई बैंक एवं एक्सिस बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के क्रमशः 20 एवं 10 पदों के लिए तथा एचडीएफसी बैंक में वर्चुअल रिलेशनशिप मैनेजर के 10 पदों के लिए 10वीं, 12वीं एवं स्नातक में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले आवेदक पात्र होंगे। चयनित उम्मीदवारों को 22 हजार रुपए से 36 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन मिलेगा। उक्त पद के लिए आईसीआईसीआई बैंक के लिए 18-25 वर्ष, एचडीएफसी बैंक के लिए 18-28 वर्ष एवं एक्सिस बैंक के लिए 18-30 वर्ष होना आवश्यक है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

# तेलुगू गीतों की मधुर धुनों ने श्रोताओं के दिलों में छोड़ी अमिट छाप



**रायपुर।** रजबंधा मैदान स्थित मायाराम सुरजन हॉल, रजबंधा मैदान में आंध्र समाज के गायक कलाकारों द्वारा साउथ के संगीत और फिल्मी दुनिया के मशहूर अनमोल रत्नों की याद में आयोजन किया गया। इस दौरान महान गायक एसपी बालासुब्रमण्यम, दक्षिण भारतीय फिल्मों के महान निर्देशक के. विश्वनाथ और प्रसिद्ध गीतकार सिरीवेनेला सीताराम शास्त्री की स्मृति में चुनिंदा तेलुगू गीतों की प्रस्तुति दी गई। आयोजन में साउथ के प्रसिद्ध गायक एसपी बालासुब्रमण्यम के गीतों को गाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिन्होंने अपनी आवाज से दिलों में अमिट छाप छोड़ी। मंच पर कलाकारों ने उनके गाए हुए गानों को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया।

## कर्णप्रिय गीतों का उठाया लुत्फ

कार्यक्रम में विशेष रूप से आंध्र एसोसिएशन के अध्यक्ष जी. स्वामी और वी. रमेश पटनायक मौजूद रहे। साथ ही छत्तीसगढ़ तेलुगू महासंघ के अध्यक्ष आर. मुरली। गायक कलाकारों में भवानी, वेणुगोपाल, डी. नागेश, एम. सुधाकर, टीपी सारथी, एन. चंद्रशेखर, सिमती उदय राज, हरिता, चैतन्य, डी. लता, एम. सुधा, राजू मंत्री, एम. श्रीधर, और बेबी तन्वी ने अपनी शानदार गायकी से उपस्थित संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया।

डाइटिशियन और न्यूट्रिशन की सलाह- गर्मी में रोजाना 2.7 लीटर पानी पिएं

# गर्मी में डिहाइड्रेशन से बचने पिएं भरपूर पानी डाइट में ठंडे फल और सलाद लेना भी जरूरी



कार्नर न्यूज

**रायपुर।** गर्मी का मौसम शुरू होने के बाद लोग बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपनी जीवनशैली में बदलाव कर रहे हैं। साथ ही शहर के डाइटिशियन और न्यूट्रिशन के साथ-साथ जिम ट्रेनर और डॉक्टरों से भी सलाह ले रहे हैं, ताकि गर्मी में होने वाली मौसमी बीमारी से शरीर को बचाया जा सके। डॉक्टरों का कहना है कि मौसम के साथ हमें अपना आहार भी बदलना चाहिए, क्योंकि मौसम के बदलने साथ पाचन शक्ति की क्षमता में परिवर्तन होता है। डाइटिशियन का कहना है कि गर्मी में दिन बड़े होने से शरीर में पानी पीने के साथ खाने की क्षमता बढ़ जाती है। हरिभूमि ने गर्मी में शरीर को सेहतमंद बनाने के लिए विशेषज्ञों से बातचीत की। डिहाइड्रेशन से बचने मात्र अधिक पानी पीना काफी नहीं है, इसलिए डाइट में ठंडे फलों और सलाद को शामिल करना होगा, ताकि शरीर में गर्मी न हो।



## बॉडी को सामान्य करने 15 से 20 मिनट का रेस्ट

गर्मी शुरू होने के बाद जिम में वर्कआउट करने का तरीका बदल गया है। जिम ट्रेनर देवव्रत दास ने बताया कि गर्मियों के एक्सरसाइज के लिए सुबह और शाम का समय अनुकूल होता है। जिस तरह जिम से पहले बॉडी को वॉर्मअप करना होता है, उसी तरह एक्सरसाइज के बाद बॉडी को सामान्य करने का भी ख्याल रखना चाहिए। इसके लिए 15 से 20 मिनट का आराम जरूरी है। इससे बॉडी जिम व बाहर के तापमान की तुलना में सामान्य हो जाती है। वजन घटाने के लिए वर्कआउट करने वालों को बीच-बीच में नीबू पानी या नारियल पानी लेना चाहिए। गर्मी में रातें छोटी होती हैं, इसलिए अपने निर्धारित समय पर ही सोना चाहिए। कम से कम से 7 से 8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए।

## रोजाना 8 गिलास पानी बीमारी से रखेगा दूर

*गर्मी में पानी की कमी से डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ सकता है। मौसम बदलने से स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां बढ़ जाती हैं। ठंड में आमतौर पर लोग 1.5 लीटर पानी पीते हैं, लेकिन गर्मी में रोजाना 2.7 लीटर पानी पीना चाहिए। एक दिन में 8 गिलास से अधिक पानी पीना चाहिए। अगर दौड़-भाग वाला काम है तो 10 गिलास तक भी पी सकते हैं। अगर शरीर में पर्याप्त मात्रा में पानी रहेगा तो पीलिया और डिहाइड्रेशन की बीमारी नहीं होगी।*

## लगातार 8 घंटे से ज्यादा न करें एसी का उपयोग

*डाइटिशियन श्वेता मिश्रा का कहना है कि गर्मी में अधिक एसी का उपयोग शरीर की इम्युनिटी को कमजोर बना सकता है। गर्मी से शरीर को बचाने अत्याधिक एसी में रहने से बचना चाहिए। गर्मी में खुले आसमान में सोने से शरीर संतुलित तापमान में रहता है। लगातार 8 घंटे से ज्यादा देर एसी में रहने से ड्राई स्किन की समस्या गर्मी में बढ़ती है। सेंसेटिव स्किन वाले लोगों को तो ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए। एसी एरिया से बाहर निकलने से पहले कम से कम 10 मिनट पहले एसी बंद कर देना चाहिए, ताकि आपका शरीर अपेक्षाकृत अधिक तापमान सहन के लिए तैयार हो जाए।*

## धर्म लाइव

# पंजाबी सनातन सभा की नई पहल सप्ताह में तीन दिन केसरी क्लीनिक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा द्वारा निशुल्क 'केसरी क्लीनिक' का शुभारंभ किया गया। गांधी उद्यान स्थित बापू की कुटिया में सभा के सदस्यों द्वारा क्लीनिक की रूपरेखा तैयार की गई। महाशिवरात्रि के अवसर पर संस्थान के संरक्षक हरभजन बहल की मार्गदर्शन में यह शुरुआत की गई। यह क्लीनिक सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को शाम 5 से 6 बजे खोला जाएगा। इस दौरान सभी मरीजों की निशुल्क सेवा की जाएगी। सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना ने बताया कि यह क्लीनिक संत गरीबदास आई हॉस्पिटल एंड पॉलीक्लीनिक के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

### हर माह 10 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन

संस्था के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक माह 10 मरीजों के मोतियाबिंद रोग का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा, इससे मरीज परिवार को सहायता मिलेगी। साथ ही उसके स्वास्थ्य की जिम्मेदारी भी ली जाएगी। प्रत्येक माह राजधानी एवं अन्य शहरों से विशेषज्ञ चिकित्सों को आमंत्रित कर चिकित्सा शिविर करने की योजना भी तैयार की गई है। संस्था का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद करना है। साथ ही शहर के लोगों को स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। कार्यक्रम में सभा के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार कक्कड़, सुनील डोगर, तिलक कक्कड़, एसएम कुमार, अश्विनी विग, रेणु गुप्ता, रोहित अरोरा, मनमोहन विग शामिल हुए।

## समाज लाइव

# सामाजिक कार्य के लिए वन बंधु परिषद के पदाधिकारियों को मिली जिम्मेदारी



**रायपुर।** वन बंधु परिषद महिला समिति की आगामी 6 मार्च को राजधानी रायपुर के सालासर धाम में आयोजित वार्षिक जोनल बैठक की तैयारियां जोरों पर हैं। इस कड़ी में शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक रखी गई, जिसमें प्रदेश के सभी पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने इस बारे में जानकारी दी और बताया कि आयोजन को सफल एवं प्रभावशाली बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। बैठक में समिति की अध्यक्ष कांता सिंघानिया और सचिव सरिता रेखानी ने बताया कि इस ईस्ट जोनल बैठक में ओडिशा, रांची, बिहार, जमशेदपुर, झारखंड, बंगाल सहित अन्य प्रदेशों से महिला समिति की सदस्य रायपुर पहुंचेंगी। इस दौरान राष्ट्रीय संगठन मंत्री शांता सारडा भी उपस्थित रहेंगी।

### फाग उत्सव भी मनाया जाएगा

बैठक के बाद फूलों की होली के साथ फाग उत्सव भी मनाया जाएगा। कविता राठी ने बताया कि बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अनिता खंडेलवाल, अध्यक्ष कांता सिंघानिया, सचिव सरिता रेखानी, मीडिया प्रभारी कविता राठी, मनीषा सिंघानिया, कंचन भीमसरिया, रंजना मित्तल, बिंदिया अग्रवाल, पूजा छाबड़ा, सविता गुप्ता, अर्चना अग्रवाल, पुष्पा साहू, रेखा अग्रवाल, किरण अग्रवाल, संगीता मिश्रा, किरण अग्रवाल, मधु सिंधी, ऋतु खंडेलवाल, अनिता किंगर, शुभांगी आप्टे, माला लांबा,कंचन अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल, आरती अग्रवाल, सुनीता मारुति उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

# राष्ट्र प्रथम की पहल पर जनजागरण के लिए होगा वैचारिक मंथन



**रायपुर।** राष्ट्र प्रथम का उद्देश्य लेकर बनी राष्ट्र हितचिंतकों की संस्था राष्ट्र प्रथम की पहल पर राष्ट्र गौरव के लिए जनजागरण की मंशा से विचार मंथन का प्रदेश स्तरीय आयोजन 2 मार्च को शहर में किया जाएगा। पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शाम 4 से रात 8 बजे तक अलग-अलग चिंतकों द्वारा राष्ट्र प्रथम को लेकर वक्तव्य दिया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को पत्रकारवार्ता में आयोजन के संयोजक तुषार शाह और भपेंद्र जैन ने दी। आगे बताया कि इसमें मुख्य वक्ता के रूप में स्पीकर और विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का उद्बोधन होगा। इसमें प्रदेशभर से सर्व समाज के विचारक भी शामिल होंगे।

### मां गंगा में किसी जाति भाषा का भेद नहीं

अब समय आ गया है, जातिवाद, भाषावाद, प्रांतवाद, क्षेत्रवाद और छुआछूत को त्याग करके समाज समन्वय करने और सनातन को बल दिया जाए। इसके लिए भारतीय होना पर्याप्त है। व्यक्ति किस जाति और धर्म का है, इसका सनातन समाज में कोई विशेष महत्व नहीं होना चाहिए। हम एक हैं, राष्ट्र एक है और राष्ट्र निर्माण की दिशा में काम करना और सर्वोच्च योगदान देना ही आयोजन का उद्देश्य है। जिस तरह से महाकुंभ में देखा गया कि सिर्फ आस्था के नाम पर सर्व समाज एकत्र हुआ। मां गंगा में स्नान के समय कहीं पर किसी जाति, भाषा का भेद नहीं था। उसी एकता को आगे बढ़ाने का प्रयास होना चाहिए।

## विज्ञान दिवस पर साइंस सेंटर व स्कूल-कॉलेजों में हुए कई रोचक कार्यक्रम

# विज्ञान से सीखा प्रकाश, द्रव्यमान, दाब का प्रयोग धागों और स्टील के इस्तेमाल से बनाई ध्वनि तरंग

छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र में 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के अवसर पर 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में भारतीय युवाओं का सशक्तिकरण' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रायपुर, भिलाई, दुर्ग, दंतेवाड़ा, अभनपुर, सूरजपुर, ओडिशा और देशभर के जवाहर नवोदय विद्यालय के विद्यार्थी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। इसमें मुख्य व्याख्याता के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, संस्कृति मंत्रालय और भारत सरकार पूर्व महानिदेशक केजी कुमार उपस्थित रहे, जिन्होंने विज्ञान संबंधित मूलभूत अवधारणाओं को रोचक गतिविधियों और प्रयोगों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

**रायपुर।** 'साइंस सेंटर के महानिदेशक डॉ. एस. कर्माकर ने बताया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी केवल विकास के साधन नहीं हैं, बल्कि यह हमारे युवाओं के लिए वैश्विक मंच पर नेतृत्व करने का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देकर हम आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। देश में युवा शक्तियों की कमी नहीं है, इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति बढ़ावा दिया जा रहा है।'





### विज्ञान केवल कक्षा में पढ़ने का विषय नहीं

एक दिवसीय कार्यशाला में प्रकाश, द्रव्यामान, दाब, ध्वनि तरंगे, विद्युत चुंबकीय प्रभावों और रासायनिक अभक्रियाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। संबोधन में व्याख्याता केजी कुमार ने कहा कि विज्ञान को केवल कक्षा में पढ़ने का विषय नहीं माना जा सकता। जब छात्र प्रयोग और गतिविधियों के माध्यम से विज्ञान को समझते हैं तो वह जीवनभर याद रखते हैं।

### सफलता की पहली सीढ़ी प्रयास

हरिभूमि से चर्चा के दौरान केजी कुमार ने बताया कि आज युवा वर्ग सोशल मीडिया के अधीन होते जा रहा है। यदि किसी विद्यार्थी को विज्ञान में रुचि है तो वह यू-ट्यूब में मिलने वाले ज्ञान को बढ़ाने के लिए इनोवेशन करें। सफलता की पहली सीढ़ी प्रयास है, विज्ञान में प्रयोग और प्रयत्न जरूरी है। अभ्यर्थी किताब, ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्लेटफॉम संबंधित इनोवेटिव जानकारी को प्रयोग करके देखें, इससे आपको सत्यता का प्रमाण मिलेगा। जीवन में व्यक्ति को हार-जीत का सामना करना होता है, एडिसन ऐसे अविष्कारक थे, जिन्होंने दुनिया में सबसे अधिक बार अविष्कार के प्रयास किए। इलेक्ट्रिक बल्ब की खोज करते वक्त उन्होंने 10 हजार बार डिफरेंट मटेरियल का प्रयोग किया और असफलता को स्वीकार किया। इनोवेशन विद्यार्थियों में नई ऊर्जा तैयार करती हैं, बच्चों को उनके रुचि अनुसार कार्य करने से ना रोके।

### कार्यशाला में वैज्ञानिक प्रयोग

कार्यक्रम के दौरान रोचक गतिविधियों को भी शामिल किया गया, जिसमें छात्रों को विज्ञान की प्रकाश, द्रव्यामान, दाब, ध्वनि तरंगे, विद्युत चुंबकीय प्रभावों को प्रयोग कर समझाने की कोशिश की गई। ध्वनि तरंगों को समझने के लिए धागा और स्टील की वस्तु का इस्तेमाल किया गया, इसमें विद्यार्थियों की दोनों उंगलियों में डोर बांधकर स्टील की वस्तु को रखा गया। अन्य हेवी मेटल के संपर्क में आने से ध्वनि तरंगें उत्पन्न हुईं, जिसे धागों की मदद से सुना गया। यह विज्ञान है, जिसे प्रयोग के माध्यम से ही समझा जा सकता है।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नवीन तकनीक का उल्लेख

दिशा कॉलेज में 'साइंटिफिक फैक्ट्स नॉलेज इन असिएंट इंडिया' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. एके तिवारी, प्रो. डॉ. रागिनी पांडे मौजूद रहीं। कार्यक्रम में डॉ. रागिनी पांडे ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इंडियन नॉलेज सिस्टम को इंक्लूड किया है, जिसमें छात्रों को नवीन तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार शून्य की खोज, ग्रहों की गति से संबंधित नियमों को भी विस्तृत रूप से बताया गया है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 60 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



### सूक्ष्म जीव विज्ञान के महत्व पर चर्चा

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रविवि से माइक्रोबायलॉजी विभाग के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. केशवकांत साहू की उपस्थिति दर्ज की गई, जिन्होंने रक्षा के क्षेत्र में सूक्ष्म जीव विज्ञान के महत्व पर चर्चा की। छात्रों को बताया कि बैक्टीरिया बायो-रिपोर्टर के रूप में कार्य करते हैं। सूक्ष्मजीवों का इस्तेमाल रोगों से लड़ने, खाद्य सुरक्षा में सुधार करने और पर्यावरण संरक्षण में किया जाता है। इस मौके पर एमएन सिंह, रीत शारदा जोफ्लेज और विद्यार्थी शामिल हुए।



### दो दिवसीय विज्ञान प्रतियोगिता

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के जैविकी अध्ययनशाला में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल रहे, जिन्होंने संबोधन में विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को विस्तृत संशाधनों में नवीन शोध करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए स्लोगन , फोटोग्राफी एवं रील मेकिंग, पोस्टर और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. अरुण केड़िया ने ओबेसिटी और डायबिटीज, डॉ. प्रिया राव ने वीमेन एम्पावरमेंट और सेफ्टी विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यशाला में विभाग प्रमुख प्रो. आरती परगनिहा, प्रो. एसके प्रसाद एवं डॉ. एसएस देवहरे शामिल हुए।



# सितार का टूटा एक तार, उस्ताद शाहिद परवेज का नहीं रुका संगीत

**रायपुर।** स्पिक मैके छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा सीआरएफ क्लासिकल सीरीज के अंतर्गत कबीर नगर के रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में पद्मश्री उस्ताद शाहिद परवेज का सितार वादन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह संगीतमय संध्या संगीत प्रेमियों के लिए एक अनुभव बनकर उभरी। कार्यक्रम की शुरुआत उस्ताद शाहिद परवेज ने राग यमन में रूपक ताल के साथ की, जिसके हर स्वर और लय ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति के दौरान एक दिलचस्प घटना घटी। उस्ताद के सितार का एक तार अचानक टूट गया, लेकिन उनके संगीत में कोई रुकावट नहीं आई। उस्ताद ने तार टूटने के बावजूद बिना किसी परेशानी के अपनी प्रस्तुति जारी रखी और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान संगीत के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। इसके बाद उन्होंने राग श्याम कल्याण में मध्यलय तीनताल में अत्यंत लयबद्ध और गहन वादन प्रस्तुत किया, जो दर्शाता था उनकी संगीत में गहरी साधना और प्रतिबद्धता।



### मैं वही बजाता हूं, जो मुझे भीतर से अच्छा लगता है

इस अवसर पर उस्ताद शाहिद परवेज ने कहा, मैं वही बजाता हूं, जो मुझे भीतर से अच्छा लगता है। यदि मैं स्वयं संपूर्ण समर्पण से वादन करूंगा तो श्रोताओं को भी वह आनंदित करेगा। उनके इस समर्पण को देखकर यह कहा जा सकता है कि ऐसे कलाकार वास्तव में संगीत के संत होते हैं और इस कार्यक्रम में उनकी साधना के साक्षात दर्शन हुए। कार्यक्रम में समन्वयक डॉ. अजय श्रीवास्तव, गोविंद मुदलियार, डॉ. दीपक बेडेकर, पं. अनिन राय सहित अनेक संगीतप्रेमी विशेष रूप से उपस्थित थे।

### मनमोहक ठुमरी के साथ समापन

राग बिहागड़ा और राग नंद बिहाग में झन झन झन झन पायल बाजे..,जैसी सुंदर रचना बजाई, जिसमें गायकी अंग का अद्भुत समावेश था। कार्यक्रम का समापन एक मनमोहक ठुमरी के साथ हुआ, जो उनके आत्मिक संगीत प्रेम को दर्शाता था। उस्ताद शाहिद परवेज जी के साथ दिल्ली से आए उस्ताद हफीज अहमद परवेज ने तबले पर बेहतरीन संगति दी, जिन्होंने वादन में और भी सुंदरता जोड़ने का काम किया।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 24 घंटे मेहनत जरूरी, असफलता से सीखते चलें

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में कैरियर गाइडेंस और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता एमएफआलम और खिलेश्वर रक्सेल ने छात्रों से अपने अनुभव साझा किए और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने के जरूरी टिप्स दिए। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके कैरियर लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करना था। वक्ताओं ने छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक तकनीकों तथा रणनीतियों के बारे में बताया। खिलेश्वर रक्सेल ने कहा, सही समय पर सही दिशा में कदम उठाने से सफलता मिलती है। मैंने अपने अनुभव से यह सीखा है कि असफलता भी बहुत कुछ सिखाती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 24 घंटे की मेहनत जरूरी है।



### छात्रों ने वक्ताओं से पूछे सवाल

अग्रसेन महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं पर सेमिनार

एमएफ आलम ने कहा, अगर आपका सपना कलेक्टर बनने का है तो सबसे पहले एक अच्छा नागरिक बनें। लगातार लेखन अभ्यास करें और आसपास की घटनाओं पर ध्यान रखें। महाविद्यालय के डायरेक्टर वीके अग्रवाल ने छात्रों से कहा, कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास से बड़े-बड़े काम भी आसान हो जाते हैं। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करें और असफलता के डर से न घबराएं।प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अमित अग्रवाल ने कहा, आज के प्रतिस्पर्धी दौर में सही मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के आयोजन छात्रों को सही दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. देविका परमार ने किया। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. रिदवाना हसन ने बताया कि छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और वक्ताओं से अपने सवाल पूछे, जिनका जवाब उन्हें मार्गदर्शन के साथ दिया गया।

## समय के साथ संगीत की तालीम का भी बदला दौर, पहले एक-दो घरानों तक सीमित रहते थे शागिर्द

# शास्त्रीय संगीत में घरानों का क्रेज अब भी कायम युवाओं को कॅरियर बनाने मिल रहा ज्यादा स्कोप

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शास्त्रीय संगीत में घरानों का क्रेज अभी भी कायम है। पहले संगीत सीखने वाले शागिर्दों को नृत्य, गायन, वादन जैसी विधाओं में सीमित क्षेत्र मिलता था, लेकिन अब इसमें कॅरियर के लिहाज से भी ज्यादा स्कोप मिलने लगा है। समय के साथ तालीम का दौर ही नहीं, बल्कि संगीत मर्मज्ञों को अपनी कला मांजने के लिए ज्यादा विकल्प मिलने लगे हैं। वर्षों पहले इस तरह के विकल्प युवाओं को नहीं मिलते थे। तब किसी एक घराने की गायकी, नृत्य और वादन की विधा तक ही संगीत पारखी सिमट जाते थे। अब विकल्प मिल रहे हैं। इससे जिन युवाओं की रुचि संगीत में है, वे कॉलेज में तालीम के साथ घरानों की शैली से ताल्लुक रखने लगे हैं। अलग-अलग घरानों से तालीम लेने वाले गुरुओं ने कहा कि अब संगीत ज्यादा समृद्ध हो गया है।





### लगाव के लिहाज से हो रहे पारंगत

कमला देवी संगीत महाविद्यालय में तबला वादन विधा के गुरु विश्वनाथ सिंह ने बताया कि पहले राजा-महाराजाओं के दौर में सीमित गुरु और घराने होते थे। मैंने फर्रुखाबाद घराने से तबला वादन की तालीम ली। इसके बाद इस शैली में कई तरह के बदलाव हुए। अब युवा किसी घराने से जुड़ने के बजाय कई विधाओं में लगाव के लिहाज से पारंगत होने लगे हैं। इससे उन्हें कॅरियर के लिहाज से ज्यादा स्कोप भी मिलता है। दशकों पहले कलाकार की पहचान वह जिस घराने से तालिम लेते थे, उसी से हुआ करती थी, अभी ऐसा कोई बंधन नहीं है।

### अभी मिल रहे ज्यादा विकल्प

*सितार वादक सुधीर पंडित ने बताया कि मैंने सबसे पहले राजस्थान घराने से शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद इस घराने की गायकी को भी सीखने का अवसर मिला। परिवार में पटियाला घराने से ताल्लुक रखने वाले थे, इसलिए वहां की शैली को भी सीखने और कला को मांजने का अवसर मिला। अभी के समय में युवाओं को संगीत के क्षेत्र में बहुत ज्यादा विकल्प मिलने लगे हैं। इससे पहले घरानों के तहत शिक्षा लेने वालों के पास इस तरह के अवसर नहीं होते थे। जो युवा संगीत के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहते हैं, उन्हें ज्यादा विकल्प मिलने लगे हैं।*

### अब ज्यादा सीखने को मिल रहा

*नृत्यांगना आरती सिंह ने बताया कि मैंने शास्त्रीय नृत्य की शिक्षा रायगढ़ घराने से प्राप्त की। इसके बाद जब अवसर मिला तो इसमें कुछ नया करने की सोच के साथ मैंने लखनऊ घराने की नृत्यशैली को भी सीखने का प्रयास किया। यह सही है कि अभी घरानों की विधा के साथ ही युवाओं को ज्यादा कुछ करने और सीखने को मिलने लगा है, इससे वे कई क्षेत्र में संगीत के लिए बेहतर भी करने लगे हैं। पहले किसी शागिर्द की पहचान उसका संगीत घराना और गुरु हुआ करते थे। अब इस बंधन से मुक्त युवाओं को ऑप्शन भी ज्यादा मिल रहे हैं।*

## सिटी स्पोर्ट्स

### राजनांदगांव की 216 रनों से जीत, हर्ष ने बनाए 79 रन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 फरवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 14 टीमें भाग ले रही है। 25-27 फरवरी श्रृंखला में 3 मैच खेले गये। ग्रुप बी का छठवां तीन दिवसीय मैच राजनांदगांव एवं बस्तर के मध्य कांकेर में खेला गया। बस्तर ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। राजनांदगांव ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 69.3 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 300 रन बनाये। राजनांदगांव की ओर से हर्ष साहु ने 128 रन तथा वैदिक मधुकर ने 72 रन बनाये। वहीं बस्तर की ओर से उत्कर्ष ठाकुर ने 6 विकेट तथा पलाश मंडल ने 2 विकेट प्राप्त किये। बस्तर ने अपनी पहली पारी में 32.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 86 रन बनाये। बस्तर की ओर से अनस खान ने 29 रन तथा उत्कर्ष ठाकुर ने 20 रनों का योगदान दिया। राजनांदगांव की ओर से रोहन टांक ने 5 विकेट तथा उज्जवल दीवान ने 3 विकेट प्राप्त किये। राजनांदगांव ने अपनी दूसरी पारी 37 ओवरों में 8 विकेट पर 184 रन बनाकर घोषित कर दी। राजनांदगांव की ओर से हर्ष साहु ने 79 रन तथा निखिल कनोरिया ने 59 रन बनाये। वहीं बस्तर की ओर से उत्कर्ष ठाकुर ने 3 विकेट तथा पलाश मंडल ने 2 विकेट प्राप्त किये। 399 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बस्तर ने अपनी दूसरी पारी में 65 ओवरों में 10 विकेट खोकर 182 रन ही बना पाई। बस्तर की ओर से उत्कर्ष ठाकुर ने 46 रन तथा सिद्धार्थ नेताम ने 22 रन बनाये। राजनांदगांव की ओर से वैदिक मधुकर तथा हर्ष साहु ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। राजनांदगांव ने मैच 216 रनों से जीत लिया।

### रायपुर जिला अंतर संस्थान टेबल टेनिस स्पर्धा 6 मार्च से



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर की ओर से रायपुर जिला अंतर संस्थान टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 6 मार्च से 9 मार्च तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता पुरुष एकल, महिला एकल एवं लक्की युगल वर्ग हेतु कुल मिलाकर 03 वर्गों में आयोजित की जायेगी। जिसमें रायपुर जिले के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक संस्थान, प्रतिष्ठित संस्थान, निजी संस्थान के कर्मचारी (सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल) एवं प्रोफेशनल्स (सी.ए., डाक्टर, वकील, पत्रकार और प्रशिक्षक आदि) के लिये प्रतियोगिता 06 मार्च को शाम 05.30 बजे से आरंभ की जाएगी। प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टि कि अंतिम तिथि 03 मार्च शाम 07.00 बजे तक है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम सायं 6 से 7 बजे के मध्य सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में प्रदीप जोशी एवं प्रवीण निरापुरे के पास लिखा सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रविष्टि हेतु प्रतियोगी का कर्मचारी अथवा प्रोफेशनल होना अनिवार्य है। प्रतियोगिता लीग पद्धति में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता का ओपन ड्रा दिनांक 05 मार्च को शाम 07.00 बजे प्रतियोगिता स्थल पर निकाला जाएगा।

### नेशनल सॉफ्टबॉल में दुर्ग के दीपक का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाई।** शासकीय नवीन महाविद्यालय, रिसाली, दुर्ग के अतिथि क्रीड़ा सहायक दीपक कुमार ने भारतीय सॉफ़्टबॉल संघ के तत्वाधान में महाराष्ट्र एसोसिएशन एवं अमरावती सॉफ़्टबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 46 वीं सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 22 से 26 फ़रवरी में छत्तीसगढ़ प्रदेश सॉफ़्टबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से छत्तीसगढ़ दल में हिस्सा लिया। जिसमें पुरुष टीम ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के फ़ाइनल मैच में मध्यप्रदेश को 5-0 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दीपक कुमार को फ़ाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन करने पर मैन ऑफ़ द मैच चुना गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुपमा अस्थाना एवं परिवार ने दीपक को इस के लिए शुभकामनाएं दी है।

## जानिए हार्टबर्न के लक्षण से लेकर बचाव तक सबकुछ

# 'सीने में जलन' अब शायरी नहीं जिंदगी की हकीकत बन चुकी, अगर है हार्टबर्न की समस्या तो रहें सतर्क

हार्टबर्न एक बहुत कॉमन समस्या है, जिसमें आपके सीने में जलन की दिक्कत होती है। इस बीमारी के नाम में ₹हार्ट₹ होने के बावजूद यह दिल की बीमारी से संबंधित नहीं है। फिर ये क्या है, आइए जानते हैं।

हृदय रोग की समस्याएं दुनियाभर में तेजी से बढ़ती जा रही हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी आयु वाले इसका शिकार हो रहे हैं। हृदय रोग दुनियाभर में मृत्यु का प्रमुख कारण भी हैं, यही वजह है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अपने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह देते हैं। हार्ट अटैक-हार्ट फेलियर और कार्डियक अरेस्ट जैसी हृदय से संबंधित समस्याओं के बारे में आपने जरूर सुना होगा, पर क्या आप हार्ट बर्न के बारे में जानते हैं? जैसा कि इसके नाम से लगता है कि ये समस्या हार्ट से संबंधित हो सकती है, तो क्या ये हृदय की ही समस्या है या फिर कुछ और?



### हार्टबर्न में क्या होता है?

हार्टबर्न का दिल की बीमारियों से कोई संबंध नहीं होता है। हालांकि, इसके लक्षण कई बार हार्ट अटैक से मिलते-जुलते हो सकते हैं, इसलिए इसे नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। यही कारण है कि इसके लक्षणों की पहचान करना जरूर है।

हार्टबर्न की स्थिति में सीने में जलन या दर्द होना (खासकर भोजन के बाद या लेटने पर) सबसे आम है। इसके अलावा मुंह में खट्टा या कड़वा स्वाद आने, पेट में भारीपन महसूस होने या पाचन की कई अन्य दिक्कतें भी हो सकती हैं।

### हार्ट बर्न होने के क्या कारण हैं और इससे कैसे बचाव करें?



हार्ट बर्न होने की कई वजहें हो सकती हैं। अगर आप ज्यादा तला-भुना या मसालेदार खाना खाते हैं, चाय-कॉफी या शराब का अधिक सेवन करते हैं, खाना खाने के तुरंत लेट जाते हैं तो ये स्थितियां हार्ट बर्न का कारण हो सकती हैं। इसके अलावा मोटापा के शिकार, धूम्रपान की आदत या फिर देर रात भोजन करने की आदत भी हार्ट बर्न की दिक्कत बढ़ा सकती है। हार्टबर्न से बचाव के लिए कुछ उपाय किए जा सकते हैं। हल्का, कम मसालेदार और कम तैलीय भोजन करें। रात को सोने से कम से कम 2-3 घंटे पहले भोजन करें ज्यादा खट्टे और कैफीनयुक्त खान-पान की चीजों से बचें।

### हार्टबर्न के बारे में जानना जरूरी

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हार्टबर्न एक बहुत कॉमन समस्या है, जिसमें आपके सीने में जलन की दिक्कत होती है। इस बीमारी के नाम में ₹हार्ट₹ होने के बावजूद यह दिल की बीमारी से संबंधित नहीं है। यह समस्या मुख्य रूप से पाचन तंत्र की दिक्कत है, जिसमें पेट में बनने वाले एसिड के कारण आपको सीने में जलन की दिक्कत हो सकती है।

हार्टबर्न तब होता है जब भोजन को आपके पेट तक ले जाने वाली नली (ग्रासनली) में वापस एसिड आने लगता है। कुछ स्थितियों में हार्ट बर्न के कारण सीने में जलन के साथ दर्द की भी दिक्कत हो सकती है।

### सीने में जलन से कैसे पाएं निजात?



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं वैसे तो कभी-कभी हार्टबर्न होना आम है और चिंता की कोई बात नहीं है। अधिकतर मामलों में जीवनशैली और खानपान में बदलाव करके इससे आसानी से निजात पाया जा सकता है। हालांकि अगर आपको बार-बार हार्टबर्न होता है या इसके कारण आपकी दिनचर्या बाधित हो रही है तो इस बारे में डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।

# घर के पास मंदिर पर जानिए वास्तु का आधार



आपके घर का वातावरण सकारात्मक बनाए रखने के लिए कई कारक जिम्मेदार होते हैं। यदि आप वास्तु के नियमों का पालन करते हैं तो घर में सदैव सौहार्द्र बना रहता है। आइए जानें यदि आपके घर के पास मंदिर मौजूद है तो वास्तु के अनुसार इसका क्या महत्व होता है।

### घर के पास मंदिर होने के फायदे

वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर के पास मंदिर होने से घर पर सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है, जिससे परिवार में शांति और समृद्धि आती है। मंदिर से होने वाले नियमित मंत्रोच्चार, आरती और भजन आपके घर के वातावरण को पवित्र बनाते हैं और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करते हैं।

### सकारात्मक ऊर्जा का संचार

मंदिरों में नियमित रूप से पूजा-पाठ, मंत्रोच्चार और आरती होती है, जिससे वहां के आस-पास का वातावरण सकारात्मक बना रहता है। यदि आपके घर के पास मंदिर है, तो वहां की पवित्रता और आध्यात्मिक शक्ति घर के सदस्यों पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। मंदिर की ऊर्जा घर में रहने वाले लोगों को भी प्रभावित करती है और उनकी मानसिक स्थिति अच्छी बनी रहती है।

### घर के पास मंदिर होने से मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति

यदि आपका घर मंदिर के पास है तो ऐसे स्थान पर रहने से व्यक्ति की धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ती है और ध्यान व प्रार्थना के लिए एक पवित्र वातावरण प्राप्त प्राप्त होता है। इससे आपके जीवन में मानसिक शांति बनी रहती है और आध्यात्मिक उन्नति भी होती है।

### नकारात्मक शक्तियों से रक्षा

वास्तु शास्त्र के अनुसार, मंदिरों में नियमित रूप से घंटों की ध्वनि गूंजती है और हवन व यज्ञ होते हैं, जो नकारात्मक शक्तियों और बुरी ऊर्जा को दूर करने में सहायक होते हैं। इस कारण घर के आस-पास मंदिर होना शुभ माना जाता है। जब आपका घर मंदिर के निकट होता है तो इन भजन-कीर्तन और हवन का सुवधा प्रभाव आपके जीवन पर पड़ता है और तन और मन शुद्ध बना रहता है।

### सामाजिक और सांस्कृतिक जुड़ाव

मंदिर सिर्फ पूजा-अर्चना का स्थान नहीं होता है बल्कि यह धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों का भी केंद्र होता है। मंदिर के पास घर होने से व्यक्ति सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहता है और अपने समुदाय से गहरा जुड़ाव महसूस करता है। धार्मिक उत्सवों, सत्संग और अन्य आयोजनों में भाग लेकर आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि मिलती है। यह न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है, बल्कि सामाजिक सहयोग और मेल-जोल को भी बढ़ावा देता है।

# आपके मस्तिष्क को भी होती है जिम की जरूरत



सेहतमंद रहने के लिए हमें एक्सरसाइज की जरूरत पड़ती है। इसके लिए घंटो हम जिम में पसीने बहाते हैं। एक्सरसाइज करने से फिजिकल स्ट्रैंथ बढ़ता है और भी कई तरह की बीमारियों से बचाव होता है। लेकिन क्या आपको मालूम है कि हमारे मस्तिष्क को भी जिम की जरूरत होती है? जी हां ब्रेन हेल्थ को बूस्ट करने के लिए ब्रेन जिम एक्सरसाइज की जरूरत होती है।आईए जानते हैं क्या होती है यह ब्रेन जिम एक्सरसाइज

### क्या होती है ब्रेन जिम?

हड्डियों को मजबूती देने और मांसपेशियों को टोन करने के लिए जिस तरह से हमें एक्सरसाइज की जरूरत होती है। ठीक उसी प्रकार से ब्रेन के न्यूरॉन को एक्सरसाइज की जरूरत होती है। ब्रेन एक्सरसाइज करने से न्यूरॉन को एक्टिवेट किया जाता है। ब्रेन में ब्लड का सर्कुलेशन सही होता है इससे तनाव, एंजायटी, डिप्रेशन और भी कई तरह की मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है। इससे पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है । आइए जानते हैं कब पड़ती है ब्रेन जिम की जरूरत और यह कैसे किया जाता है।

### ब्रेन जिम की जरूरत कब पड़ती है?

छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा जाना, अकेले रहने का दिल करना, फोकस करने में दिक्कत आना,किसी नई चीज को समझने में दिक्कत महसूस करना किसी नए व्यक्ति से बातचीत करने से कतरना डिमेंशिया और अल्जाइमर से पीड़ित होना।



# बच्चों की ग्रोथ के लिए जरूर कराएं कुछ खास एक्टिविटी

बच्चों की ग्रोथ के लिए आपको कुछ खास एक्टिविटी को उनकी लाइफस्टाइल में एड करना जरूर है। इन दिनों बच्चों की परीक्षाओं का मौसम है इसलिए पढ़ाई-लिखाई तो जरूरी है ही, इसके अलावा छोटे बच्चों को कुछ खास एक्टिविटी करवाते रहना चाहिए। अगर आप अपने बच्चे की ग्रोथ के लिए कुछ खास करना चाहती हैं तो हम आपको बताएंगे कि आप उन्हें कौन- कौन सी एक्टिविटी करवा सकती हैं। इससे उनका मानसिक और शारीरिक विकास काफी अच्छा होगा।

### एक्टिंग सिखाएं

अगर उन्हें एक्टिंग का शोक है तो आपको बचपन से ही उन्हें एक्टिंग सीखना चाहिए। ऐसे में आपके बच्चे बड़े होकर इस छेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। बच्चों को हमेशा उनकी रुचि के हिसाब से ही एक्टिविटी करवाना चाहिए।



### कराटे सिखाएं

बच्चों को खुद की सुरक्षा करना आना चाहिए। अगर आप अपने बच्चों को मजबूत बनाना चाहती हैं तो आपको अपने बच्चों को कराटे जरूर सीखाना चाहिए। खासकर लड़कों को कराटे करने का काफी शौक होता है। ऐसे में आपको उन्हें कराटे की क्लास के लिए भेजना चाहिए।

### पेंटिंग क्लास

आप अपने छोटे बच्चों को पेंटिंग की क्लास के लिए भी भेज सकती हैं। लड़कियों को पेंटिंग करने का शोक होता है। अगर वह बचपन से ही इन चीजों की क्लास करती हैं तो वह बड़े होकर अपना करियर भी इस फिल्ड में बना सकती हैं। इसलिए अगर आपके बच्चों को पेंटिंग करना पसंद है तो उन्हें क्लास के लिए जरूर भेजे।

### स्केटिंग क्लास

स्केटिंग क्लास आप अपने बच्चों को करवा सकती है। छोटे बच्चे किसी भी चीज को आसानी से सीख लेते हैं। ऐसे में उन्हें आदत हो जाती है। ऐसे में आपको अपने बच्चों को स्केटिंग क्लास के लिए जरूर भेजना चाहिए।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस MATTRESS ऑफर कुछ दिनों के लिए
पुराना देकर नया ले जाये
5 इंच मोटा 11500 MRP 3000 लेस 8500 4000 4500
6 इंच मोटा 17000 MRP 5000 लेस 12000 पुराना गद्दा- 5000 7000
8 इंच मोटा 20500 MRP 6500 लेस 14000 पुराना गद्दा- 6000 8000
संजय रुई भंडार निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

कूलर एवं खस | हैनीकॉम्ब पैड | कूलर मोटर | एग्जॉस्ट | कूलर पंप
शीतल कूलर के उच्च क्वालिटी के एक की छत के नीचे
कूलर हाउस
हैनीकॉम्ब पैड कूलर/एग्जॉस्ट मोटर खस
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211

BIG BULL E-RIKCHOW & E-LOADER
ई-लोडर (डबल का फायदा)
• 1 टन से 1.5 टन लोडिंग क्षमता
• शानदार पिकअप, स्पीड, माइलेज
• खर्चा कम, कमाई दुगुना
छोटा नही बड़ा हाथी
डीलर : शुभ मार्केटिंग, भनपुरी, रायपुर (छ.ग.) मो. 9826695200

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ऑस्कर की भारत में भी प्रसारण की तैयारी



अकादमी अवॉर्ड जिसे ऑस्कर्स के नाम से जाना जाता है, वह हर साल अमेरिका में होता है। इसका संचालन 'एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट एंड साइंस' की तरफ से किया जाता है। अवॉर्ड शुरू होने की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। इसका प्रसारण जल्द ही लाइव शुरू होने वाला है।

पूरी दुनिया के दर्शक इस अवॉर्ड को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 97वें अकादमी अवार्ड को जल्द ही ओटीटी पर देखा जा सकेगा। इस बीच, भारत में दर्शक इस प्रतिष्ठित शो को मार्च 2025 में देख सकते हैं।

इस अवॉर्ड को देखने की भारत के दर्शकों के अंदर चाहत है लेकिन यह अवार्ड 2 मार्च 2025 को अमेरिका में होगा। भारत में दर्शक इस प्रतिष्ठित अवार्ड को स्टार मूवीज और जियो हॉटस्टार पर भारत के टाइम के हिसाब से सुबह 5:30 बजे देख सकते हैं। इस प्लेटफॉर्म ने एक्स पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें लिखा है कि '97वां अकादमी अवार्ड तीन मार्च को सुबह 5:30 बजे सिर्फ जिओ हॉटस्टार पर लाइव स्ट्रीम होगा।'

इस शो को कॉमेडियन और पोडकास्टर कैनन ओ'ब्रायन होस्ट करेंगे। पिछले साल इस अवॉर्ड को जिम्मी कैमल ने होस्ट किया था। यह अवॉर्ड कैलीफोर्निया के हॉलीवुड में डोलबाई थ्येटर में आयोजित होगा।

### टॉलीवुड

## शेखर कम्मुला की 'कुबेरा' में नजर आएंगे धनुष-नागार्जुन और रश्मिका

धनुष की अगली ऑन-स्क्रीन उपस्थिति 'कुबेरा' में होगी, जिसे शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित कर रहे हैं। घनुष के अलावा टॉलीवुड किंग नागार्जुन भी इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आएंगे। अब तक जारी किए गए पोस्टर और पहली झलक ने दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर दी है।



धनुष के प्रशंसक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और अब रिलीज डेट के आने के बाद धनुष और नागार्जुन के प्रशंसकों का इंतजार बस कुछ ही महिनों का बचा है। ताजा जानकारी के अनुसार, 'कुबेरा' 20 जून, 2025 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में कई भाषाओं में रिलीज होगी। 'कुबेरा' धारावी की पृष्ठभूमि पर आधारित है और यह एक व्यक्ति के गरीबी से अमीरी तक के विकास की कहानी दर्शाती है।

फिल्म 'कुबेरा' की टीम ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए फिल्म का एक पोस्टर जारी किया है, जिसमें धनुष और नागार्जुन एक-दूसरे को घूरते नजर आ रहे हैं। साथ ही इस पोस्टर के साथ लिखा है, ₹शक्ति की कहानी, धन के लिए लड़ाई, भाग्य का खेल। शेखर कम्मुला 'कुबेरा' 20 जून, 2025 से एक आकर्षक अनुभव देने के लिए तैयार है।₹ रिलीज डेट पोस्टर में धनुष, नागार्जुन और बॉलीवुड अभिनेता जिम सभी नजर आ रहे हैं, जबकि बैकग्राउंड में धारावी की झुग्गी बस्ती है। इस फिल्म में धनुष और नागार्जुन के आलावा रश्मिका मंदाना भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। सुनील नारंग और पुष्कर राम मोहन राव श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले कुबेर को बनाया जा रहा है। वहीं देवी श्री प्रसाद फिल्म के संगीतकार हैं।

-

### भोजपुरी

## गांव के दबंग ठेकेदार के जुल्मों का होगा हिसाब 'गौरी' में, ट्रेलर रिलीज

भोजपुरी सिनेमा की दमदार सुपरस्टार एक्ट्रेस काजल राघवानी की नई फिल्म 'गौरी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में उनके साथ विराज भट्ट लीड रोल में हैं। करीब साढ़े तीन मिनट का यह ट्रेलर धमाकेदार है, जिसमें एक्शन है, इमोशन है, रोमांस है और इन सब के बीच हैं काजल राघवानी। राम पटेल के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म के रिलीज की तारीख का अभी ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन ट्रेलर ने दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता जरूर बढ़ा दी है।



ट्रेलर की शुरुआत काजल राघवानी और विराज के एक्शन अवतार से होती है। दोनों हमें जूडो-कराटे के दांव पेंच लगाते हुए नजर आते हैं। काजल के किरदार से कहा जाता है कि उसे यह मेहनत करनी ही होगी और अन्याय का बदला लेना होगा। विजेंद्र सिंह ने फिल्म की कहानी लिखी है और इसमें गांव का एक दबंग और खूंखार विलेन है, जो अपने दुश्मनों को सीधे मौत के घाट उतार देता है। वह ठेकेदार भी है और उसके जुल्म से सभी त्रस्त हैं। ट्रेलर में हम आगे देखते हैं कि इस ठेकेदार ने हत्याएं करवाई हैं। उसकी गंदी नजर काजल राघवानी पर भी है और वह उसे पाने के लिए बेहूदगी और दरिंदगी की सारी हदें पार कर जाता है। ट्रेलर में विराज भट्ट और काजल राघवानी पर फिल्माए गए रोमांटिक और झूमने लायक गानों की झलक भी मिलती है, जो एक्साइटमेंट लेवल को और बढ़ा देती है। फिल्म का संगीत मधुकर आनंद ने दिया है। यूट्यूब पर गुरुवार, 27 फरवरी को 'गौरी' का यह ट्रेलर 'वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी' चैनल पर रिलीज किया गया है। फिल्म के प्रोड्यूसर रत्नाकर कुमार हैं।

## स्किनी ट्रेंड

"जेन जेड यानि आज की नौजवान पीढ़ी को स्किनी जींस को फिर से ट्रेंड में लाने के लिए अच्छी तरह पहचाना जाता है। जबकि मिलेनियल्स डेनिम में बड़े हुए जो धीरे-धीरे अधिक फिट और क्रॉप्ड होते गए, जैसे-जैसे जेन जेड बड़े हुए, पेंडुलम विपरीत दिशा में घूम गया और इन्होंने बैगी जींस से लेकर कार्गो पैंट तक, लंबे, ढीले आकार के जींस को प्राथमिकता दी। स्टाइलिस्ट और क्रिएटिव डायरेक्टर डैन्युल ब्राउन, जिनके क्लाइंट में मॉडल अमेलिया ग्रे भी शामिल हैं, कहते हैं, ₹स्ट्रीट स्टाइल और रोज़मर्रा के पहनने के लिए (जेन जेड क्लाइंट्स से) ढीले-ढाले और ओवरसाइज़्ड सबसे नियमित अनुरोध हैं।₹



लाइफ स्टाइल

## त्वचा में हो रही है नमी की कमी तो दही से बनें इन फेसपैक को चेहरे पर लगाएं

हर भारतीय घर में दही का इस्तेमाल खाने में किया जाता है। दही खाने से शरीर की कई तरह की परेशानियां दूर होती हैं। इसके अलावा दही खाने के स्वाद को कई गुना बढ़ा देता है। खाने के साथ-साथ दही का इस्तेमाल स्किन केयर में भी किया जाता है। दही के इस्तेमाल से त्वचा पर जो नमी की कमी होती है, वो दूर हो सकती है। इसके साथ ही दही में लैक्टिक एसिड पाया जाता है, जो स्किन पर होने वाली झुर्रियों को भी कम करता है।

हम आपको दही के इस्तेमाल से होने वाले फायदे बताने जा रहे हैं। क्या आप जानते हैं कि दही का इस्तेमाल आप कई तरीके से कर सकते हैं। बहुत से लोगों को इसका इस्तेमाल करना नहीं पता है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि दही को किन चीजों में मिलाकर आप चेहरे पर लगा सकते हैं, ताकि आपकी त्वचा दमकती रहे और त्वचा पर नमी बरकरार रहे।

### दही और बेसन

एक चम्मच दही में एक चम्मच ही बेसन मिलाकर आप इस पेस्ट को 15 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगाएं। इससे आपके चेहरे पर चमक आएगी और त्वचा में हो रही नमी की कमी दूर होगी।

### दही और चावल का आटा

इस फेस मास्क को बनाने के लिए एक चम्मच चावल के आटे में



एक चम्मच भरकर दही मिला लें। इस पेस्ट को भी आप 15 मिनट के लिए अपने चेहरे पर लगा लें और छोड़ दें। कुछ समय बाद इस पैक को हल्के हाथ से मसाज करते हुए छुड़ा लें।

### दही और तुलसी

7 से 10 तुलसी के पत्ते पीसकर उसमें दही मिलाएं। गाढ़ा पेस्ट बनाकर इसे 15 मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं। इसमें पाए जाने वाले एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण पिंपल्स और एक्ने का सफाया कर देते हैं।


## स्लिम दिखना चाहती हैं तो कपड़ों का करें सही चुनाव

हर कोई दुबला-पतला और छरहरा दिखना चाहता है। इसके लिए घंटों जिम में पसीना बहाने से लेकर डाइट और न जाने क्या क्या मेहनत करनी पड़ती है। सबसे ज्यादा बुरा तब लगता है जब लड़कियां कुछ ऐसे कपड़े पहन लगती हैं जो उनके शरीर को अधिक मोटा या भद्दा लुक देता है। ऐसे में लड़कियों को ये पता होना चाहिए कि ऐसा क्या पहने जिसमें वह स्लिम ट्रिम दिखें। इस के अलावा अगर आपको कोई शादी पार्टी कुछ ही दिन में अटेंड करनी हो लेकिन आपके पास अपनी बॉडी को शेप देने का समय न हो तो क्या किया जाएं। फिक्र करने की कोई बात नहीं, आपके कपड़ो का सही सिलेक्शन ही आपके शरीर के अधिक चर्बी वाले भाग को इस कदर छिपा सकते हैं जिससे आप पतले और अधिक आकर्षक दिखेंगे। चलिए जानते हैं आपके बॉडी टाइप के हिसाब से क्या पहनें और क्या न पहने। पतले दिखने के लिए क्या पहने लड़कियां?



### बेली फैट हो तो न पहने ये कपड़े

-अगर आपके पेट पर अधिक चर्बी हो यानी आपका टमी बाहर दिखता हो तो साड़ी या लहंगे में आपका बेली फैट साफ नजर आएगा।



-किसी तरह की अधिक टाइट और हॉट ड्रेस भी मोटे व्यक्ति के मोटापे को और अधिक उभार कर दिखाती है। इसलिए ऐसे कपड़ों का चुनाव करें जिन से आपकी बेली फैट छिप जाए।

-बेली फैट की समस्या है तो वेस्ट जींस को भी पहनने से बचना चाहिए। ये आपके पेट की चर्बी को खुल कर दिखाता है।

-बॉडीकॉन ड्रेस भूल कर भी न पहनें।

### पतले दिखने के लिए क्या पहनें लड़कियां

-आप हाई वेस्ट जींस ट्राई कर सकते हैं। इससे आपके पेट की चर्बी छिप जाएगी। इसके अलावा आप लंबी भी नजर आएंगी।

-किसी फंक्शन या पार्टी में आपको एथनिक वियर जैसे लहंगा, साड़ी या सूट पहनने का मन है लेकिन अधिक मोटे दिखने का डर भी है तो आप बॉडी शेपर पहन सकती हैं। इंडियन से वेस्टर्न ड्रेस तक के नीचे बॉडी शेपर मदद करेगा। बॉडी शेपर खरीदते समय इस बात का ध्यान दें कि अपने से छोटे साइज का शेपवियर ना खरीदें।

-चर्बी को छिपाने के लिए आप कैजुअल वियर में फ्लेयर्ड कुर्ती कैरी कर सकती हैं।

-शादी-पार्टी में कुर्ती पहननी हो तो अनारकली मौके और आपके बॉडी शेपर दोनों के लिहाज से परफेक्ट रहेगा।

## स्टाइलिश गॉर्जियस लुक के लिए अपनाएं खुले बालों की हेयर स्टाइल, मिलेगी तारीफ

चाहे आपे बाल लंबे हों या फिर छोटे, खुले बाल (खुले बालों की हेयर स्टाइल) हर तरह से सुंदर ही लगते हैं बस उन्हें थोड़ी स्टाइलिंग की जरूरत होती है। साथ ही आप स्टाइलिंग की मदद से अपने खुले बालों को ज्यादा अच्छे से संवार भी सकती हैं। इन खुले बालों की हेयर स्टाइल को बनाना बहुत ही आसान है और इसे आफ पिन या फिर बिना पिन के भी आसानी से बना सकती हैं। अगर आपके बाल एकदम सीधे हैं और एकदम स्लीक रहते हैं तो खुले बालों का यह हेयरस्टाइल आपके लिए ही। हाफ पोनी में ये एजी और बोल्ड ट्विस्ट आपके बालों को थोड़ा कंटेम्प्ररी लुक देगा और बेहद ही खूबसूरत भी लगेगा। आप इस हेयरस्टाइल को कई अलग-अलग मौकों पर कैरी कर सकती हैं।



कर्ल्स गलोर हेयर स्टाइल के लिए आपको अपने टाइट कर्ल्स को एक्स्ट्रा लार्ज एक्सेसरी के साथ पेयर करना चाहिए क्योंकि इससे आपके बाल हाइलाइटिड और खूबसूरत दिखाई देंगे और साथ ही आपको ओटीटी वाइब भी मिलेगी। ओल्ड स्कूल कर्ल्स के साथ थोड़ी शिमरी एक्सेसरी आपके आउटफिट और आपको ग्लैम लुक देगी। अपने कर्ल्स को खूबसूरत लुक देने के लिए आप हाइलाइटिंग भी कर सकती हैं और यहां आप बालों को हाईलाइट करने का तरीका जान सकती हैं।

## आंखों पर मेकअप करते समय रखें इन बातों का ध्यान, वरना मंडराता रहेगा इंफेक्शन का खतरा

कई बार ऐसा देखा जाता है कि आई मेकअप करते समय लड़कियों की आंखों में आंसू आ जाते हैं। ऐसे में उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है। अगर आप भी इसी तरह की परेशानी का सामना करती हैं, तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, आंखों का मेकअप करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अगर इन सावधानियों पर ध्यान ना दिया जाए तो आपकी आंखों में इंफेक्शन की समस्या तक हो सकती है।

### मेकअप करते समय रखें हाईजीन का ध्यान

आई मेकअप करते समय सफाई का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अगर मेकअप में इस्तेमाल होने वाले प्रोडक्ट को आप साफ रखेंगे तो आपकी आंखें इंफेक्शन से बच सकती हैं।

### हमेशा खरीदें हाइपो-एलर्जेनिक प्रोडक्ट

मेकअप प्रोडक्ट खरीदते समय इस बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है कि वो हाइपो-एलर्जेनिक हो। इससे आंखों में एलर्जी होने की संभावना खत्म हो



जाती है।

### मेकअप ब्रश का रखें खास ध्यान

मेकअप करते समय हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि आपका ब्रश या स्पंज साफ-सुथरा रहे। गंदे ब्रश की वजह से चेहरे और आंखों में इंफेक्शन हो सकता है। अगर इससे बचना है तो ब्रश का हमेशा साफ रखना चाहिए।

कार्नर न्यूज

### नए दौर में सही तरीके से साड़ी पहनना भी एक कला

## साड़ी की प्लीट्स बनाने में होती है ढेर सारी परेशानी तो इन तरीकों को अपनाएं

*साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे आप किसी त्योहार से लेकर शादी-विवाह तक में पहन सकती हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा महिलाएं साड़ी को ऑफिस और पार्टी में भी पहन जाती हैं। जो अनुभवी महिलाएं होती हैं, उनके लिए साड़ी पहनना काफी आसान होता है, दिक्कत सामने आती है नई पीढ़ी के सामने। दरअसल, युवा लड़कियों को साड़ी पहनना तो पसंद होता है लेकिन उन्हें साड़ी पहनना नहीं आता। साड़ी पहनते वक्त सबसे ज्यादा परेशानी उसकी प्लीट्स बनाने में आती है। दरअसल, अगर साड़ी की प्लीट्स सही ना हों तो ये आपका पूरा लुक खराब कर सकती हैं। ऐसे में लड़कियां साड़ी पहनने से ही कतराती हैं। ऐसे में आपकी परेशानी दूर करने के कुछ तरीके बताने जा रहे हैं।*



### करें बॉडी शेपर का इस्तेमाल

अगर आप साड़ी पहनते वक्त बॉडी शेपर का इस्तेमाल करेंगी तो ये ना सिर्फ आपके लुक को खूबसूरत बनाएगा, बल्कि इसकी मदद से आप आसानी से साड़ी पहन पाएंगी। पेटीकोट की वजह से साड़ी में झोल आने लगता है, वहीं बॉडी शेपर इस समस्या को आपसे दूर रखेगा।

### साड़ी को टकइन करते वक्त रखें इन बातों का ध्यान

साड़ी को टकइन करते वक्त ये ध्यान रखें कि पेटीकोट ज्यादा टाइट नहीं होना चाहिए। अगर ये ज्यादा टाइट होगा तो आप प्लीट्स को सही से अंदर नहीं कर पाएंगी। इतना और ध्यान रखें कि ये ज्यादा ढीला ना हो। ढीली साड़ी टकइन होने पर खुलने का डर रहेगा।

### पहले कंधे के प्लीट्स को बनाएं

साड़ी पहनते वक्त सबसे पहले कंधे के प्लीट्स को बनाएं। ऐसा करने से आपका पल्लु पहले सेट हो जाएगा। इसके बाद आपको लोअर प्लीट्स बनाने में आसानी होगी।

### प्लीट्स बनाने के तुरंत बाद लगाएं पिन

जब आप साड़ी की लोअर प्लीट्स बना रही हों तो पिन को पास में ही रखें। बराबर तरीके से प्लीट्स बनाने के बाद इसे पेटीकोट के अंदर करें और तुरंत पिन लगा लें।